# लोक-सभा वाद-विवाद

## का

## संक्षिप्त अनूदित संस्करण

# SUMMARISED TRANSLATED VERSION

## OF

## 5th

# LOK SABHA DEBATES

[ नवां सत्र / Ninth Session ]

Parliament Library
24-8-90
30-7-85

[ खंड 34 में अंक 21 से 31 तक हैं / Vol. XXXIV contains Nos. 21 to 31 ]

लोक-सभा सचिवालय

नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : दो रुपये

*Price:* Two Rupee

## विषय सूची/CONTENT

**अंक 31—शनिवार, 22 दिसम्बर, 1973/1 पौष, 1895 (शक)**

*No.* 31—*Saturday, December* 22, 1973/*Pausa* 1, 1895 (*Saka*)


| विषय | SUBJECT | पृष्ठ PAGES |
|---|---|---|
| दक्षिण कोरिया के संसदीय शिष्ट-मंडल का स्वागत | Welcome to South Korean Parliamentary Delegation | 1 |
| सभा पटल पर रखे गये पत्र | Papers Laid on the Table | 1-5 |
| राज्य सभा से संदेश | Messages from Rajya Sabha . | 5 |
| विधेयकों पर अनुमति | Assent to Bills . . . . | 5 |
| सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति— | Committee on Public Undertakings— | |
| 41वां और 44वां प्रतिवेदन | Forty First and Forty Fourth Reports . . . . | 5-6 |
| लोको रनिंग कर्मचारियों की हड़ताल के बारे में | Re. Strike by Loco Running Staff . . . . | 6 |
| पश्चिम बंगाल में खाद्य संकट के बारे में दिनांक 17 दिसम्बर, 1973 के तारांकित प्रश्न संख्या 503 के उत्तर में शुद्धि | Correction of Answer to S.Q. No. 503 dated 17-12-1973 Re. Food Crisis in West Bengal . | 6-7 |
| भारतीय खाद्य निगम पर 12 दिसंबर, 1973 को हुई चर्चा के दौरान दिये गये आश्वासनों की पूर्ति के बारे में वक्तव्य— | Statement Re. Fulfilment of Assurance given on 12-12-73 during Debate on FCI— | |
| श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे | Shri Annasaheb P. Shinde . | 7 |
| वर्ष 1971-73 के दौरान अमरिका तथा साम्यवादी देशों द्वारा आमंत्रित भारतीय पत्रकारों के बारे में दी गई जानकारी के बारे में सदस्य द्वारा वक्तव्य— | Statement by Member Re. Information given about Indian Journalists invited by USA and Communist Countries during 1971-73— | |
| श्री ज्योतिर्मय बसु | Shri Jyotirmoy Bosu . . | 8 |
| श्री आई० के० गुजराल | Shri I. K. Gujral . . | 8 |
| नियम 377 के अंतर्गत मामले | Matters Under Rule 377 . . | 8-11, 17-19 व 20-21 |
| विशेषाधिकार का प्रश्न | Question of Privilege— | |
| संसद सदस्य, श्री कृष्णचन्द्र हाल्दर को बर्दवान में गिरफ्तार किये जाने के बारे में अध्यक्ष को सूचना न दिया जाना | Non-Intimation to the Speaker of arrest of Shri Krishna Chandra Halder, M.P. at Burdwan . . . . | 19-20 |




1—36 L. S. S./73

| विषय | SUBJECT | पृष्ठ PAGES |
| --- | --- | --- |
| इंडियन एयरलाइंस कार्पोरेशन में तालाबंदी के बारे में वक्तव्य— | Statement Re. Lock out in Indian Airlines Corporation— | |
| श्री राज बहादुर | Shri Raj Bahadur . | 11-12 व 15-17 |
| सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण— | Member sworn— | |
| (श्रीमती प्रमिलाबाई दाजीसाहिब चव्हाण) | (Shrimati Pramilabai Dajisaheb Chavan) . . | 17 |
| दिल्ली में हुई लुफ्थांजा बोइंग विमान दुर्घटना के बारे में जांच न्यायालय की नियुक्ति के बारे में वक्तव्य— | Statement Re. Appointment of Court of Inquiry on Lufthansa Boeing Crash in Delhi— | |
| श्री राज बहादुर | Shri Raj Bahadur . | 17 |
| लोक वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) विधेयक पुरःस्थापित | Public Financial Institutions Laws (Amendment) Bill— Introduced . . . . . | 21-23 |
| भारतीय खाद्य निगम के कार्यकरण के बारे में प्रस्ताव— | Motion Re. Working of Food Corporation of India— | |
| श्री शंकर दयाल सिंह | Shri Shankar Dayal Singh . | 23-24 |
| श्री समर गुह | Shri Samar Guha . . | 24-25 |
| श्री रघुनन्दन लाल भाटिया | Shri Raghunandan Lal Bhatia | 25-26 |
| श्री नाथूराम मिर्धा | Shri Nathu Ram Mirdha . | 27 |
| श्री नाथूराम अहिरवार | Shri Nathu Ram Ahirwar . | 27-28 |
| श्री पी० गंगादेव | Shri P. Ganga Deb . . | 28 |
| श्री आर० एन० शर्मा | Shri R. N. Sharma . . | 28 |
| श्री नरसिंह नारायण पांडे | Shri Narsingh Narain Pandey | 29 |
| श्री मुल्कि राज सैनी | Shri Mulki Raj Saini . . | 29 |
| श्री रामावतार शास्त्री | Shri Ramavatar Shastri . | 29 |
| श्री फुखरुद्दीन अली अहमद | Shri F. A. Ahmed . . | 29-33 |
| श्री अटल बिहारी वाजपेयी | Shr Atal Bihari Vajpayee . | 33 |
| लोको रनिंग कर्मचारियों द्वारा हड़ताल के बारे म वक्तव्य— | Statement Re. Strike by Loco Running Staff— | |
| श्री एल० एन० मिश्र | Shri L. N. Mishra . | 33-36 वं 42-43 |
| भारत सेवक समाज के कार्यों की जांच आयोग द्वारा की गई जांच के प्रतिवेदन के संबंध म कुछ दस्तावेजों को सभापटल पर रखे जाने के बारे में | Re. Laying on the Table of certain Paper in connection with the Report of the Commission of Inquiry into the Affairs of the Bharat Sewak Samaj . | 43-45 |

| विषय | SUBJECT | पृष्ठ PAGES |
|---|---|---|
| हरयाणा में बेदखल किये गये हरिजनों के बारे में वक्तव्य — | Statement Re. Evicted Harijans in Haryana — | |
| श्री राम निवास मिर्धा | Shri Ram Niwas Mirdha . | 47 |
| टाइम कैपसूल के साथ भूमि में गाडे गये ऐतिहासिक दस्तावेजों के पाठ के बारे में चर्चा | Discussion Re. Text of the Historical Documents Burried with the Time Capsule . | 47-56 |

# लोक-सभा
# LOK SABHA

**शनिवार, 22 दिसम्बर 1973/1 पौष, 1895 (शक)**
Saturday, December 22, 1973/Pausa 1, 1895, (Saka)

---

**लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई ।**
*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[**अध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए
MR. SPEAKER *in the Chair*]

## दक्षिण कोरिया के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत
## WELCOME TO SOUTH KOREAN PARLIAMENTARY DELEGATION

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्यों, सर्वप्रथम मैं एक घोषणा करना चाहता हूं ।

मुझे अपनी ओर सभा के माननीय सदस्यों की ओर से दक्षिण कोरिया की नेशनल असैम्बली के अध्यक्ष महामहिम श्री इल क्वां चुंग प्रतिपक्ष के फ्लोर लीडर तथा वहां के संसदीय शिष्टमंडल के माननीय सदस्यों का जो भारत यात्रा पर आये हैं अपने अतिथि के रूप में स्वागत करते हुए अति प्रसन्नता हो रही है । महामहिम श्री इल क्वां चुंग एक प्रख्यात व्यक्ति हैं । वह 1964 से 1970 तक अपने देश के प्रधान मंत्री रहे हैं । उससे पूर्व वह अपने देश के विदेश मंत्री थे । हमारी यह हार्दिक इच्छा है कि भारत में इस अल्प वास से उन्हें और उनके शिष्टमंडल को प्रसन्नता होगी और उनकी यह यात्रा सफल होगी । उनके माध्यम से हम अपनी शुभकामनाएं और अभिनन्दन कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति, संसद और जनता को प्रेषित करते हैं ।

---

## सभा पटल पर रखे गए पत्र
## PAPERS LAID ON THE TABLE

### अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 525 दिनांक 15 दिसम्बर, 1973 के सम्बन्ध में 21-12-73 को उठाई गई बातों के बारे में विवरण

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश)** : मैं केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क नियम 1944 के अधीन जारी की गई अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 525(ड़) और 526(ड़) दिनांक 15 दिसम्बर, 1973 को सभा पटल पर रखे जाने के सम्बन्ध में 21–12–1973 को सभा में उठाई गई बातों के बारे में एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं । [**ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 6123/73**]



2—36 LSS/73

**श्री सेझियान** (कुम्भकोणम) : श्रीमान्, इस सम्बन्ध में मैंने एक नोटिस दिया था। सभा को कुछ पत्रों के विषय का पता अगले सत्र तक ही चल सकेगा। मेरे विचार से प्रत्येक सदस्य व्यक्तिगतरूप से सभी पत्रों पर ध्यान नहीं दे सकता और मेरा विचार यह है कि सभी पत्र अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति को भी नहीं जाते हैं। अत: मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि सभा पटल पर रखे गये सभी पत्रों के अध्ययन के लिए एक पृथक समिति नियुक्त की जानी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौनसा पत्र विधि के अनुसार या लोक लेखा समिति और प्राक्कलन समिति जैसी संसदीय समितियों द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार हैं अथवा नहीं।

**अध्यक्ष महोदय** : इसे नियम समिति के समक्ष रखा जायेगा। आप नियम समिति की बैठक अगले सत्र के प्रारम्भ में चाहते हैं।

## उत्तर प्रदेश को उर्वरकों की सप्लाई के बारे में विवरण

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : मैं उत्तर प्रदेश को उर्वरकों की सप्लाई और उर्वरकों के उत्पादन और आवश्यकता के बारे में एक विवरण सभा-पटल पर रखता हूं। **[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 6124/73]**

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : मंत्री महोदय पत्रों का उत्तर न देकर ऐसी स्थिति क्यों पैदा करते हैं कि हमें मामला सभा में उठाना पड़ता है। यह स्थिति बड़ी शोचनीय है। वे सभा से बातों को छिपाना चाहते हैं।

**श्री शाहनवाज खां** : हम कुछ भी नहीं छिपाते।

**Shri Madhu Limaye** (Banka) : It appears from the statement that efforts are being made to affect the elections in Uttar Pradesh.

**Shri Shankar Dayal Singh** (Chatra) : Sir, U. P. is a big state and it is facing shortage of fertilizers, so it is necessary to rush supplies of fertiliers to U.P. State.

## दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा लारेंस रोड आवासीय योजना के अन्तर्गत औद्योगिक मकानों के बारे में दिनांक 3 दिसम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3163 के उत्तर में शुद्धि

**संसदीय कार्य विभाग तथा निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता)** : मैं दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा लारेंस रोड आवासीय योजना के अन्तर्गत पाकेट सी-7 और सी-8 के औद्योमिक मकानों के बारे में श्री झारखण्डे राय के अतारांकित प्रश्न संख्या 3163 के 3 दिसम्बर, 1973 को दिये गये उत्तर को शुद्ध करने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं। **[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 6125/73]**

## पांचवी योजना में सहकारी समितियों के कार्य में सुधार के बारे में 10 दिसम्बर, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4088 के उत्तर में शुद्धि

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिंदे)** : मैं पांचवीं योजना में सहकारी समितियों के कार्य में सुधार के बारे में श्री प्रभुदास पटेल के अतारांकित प्रश्न संख्या 4088 के 10 दिसम्बर, 1973 को दिये गये उत्तर को शुद्ध करने के सम्बन्ध में एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं। **[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 6126/73]**

**भारत सेवक समाज के मामलों सम्बन्धी जांच आयोग का प्रतिवेदन और उस पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही**

**कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री (प्रो० शेर सिंह):** मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) भारत सेवक समाज के मामलों सम्बन्धी जांच आयोग के प्रतिवेदन की एक प्रति और उस पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ज्ञापन ।

(दो) प्रतिवेदन के अंग्रेजी संस्करण के साथ हिन्दी संस्करण सभा पटल पर न रखने के कारणों का एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रजी संस्करण) ।

**[ग्रंथालय में रखे गये। देखिए संख्या एल० टी० 6127/73]**

**Shri Atal Bihari Vajpayee** (Gwalior) : What is the reason ?

**Prof. Sher Singh :** This report is in five volumes and it contains 13,000 pages.

**Shri Atal Bihari Vajpayee :** Mr. Speaker, Sir, several months' time has elapsed since it was received by Government. If ten pages were translated per day since then, the translation of this report would have completed by now. May I know whether the future of Hindi depends upon the number of pages in a particular reports; whether they are running the Government or making fun of it?

**अध्यक्ष महोदय :** ऐसे मामले में मुझे कोई प्रक्रिया निर्धारित करनी पड़ेगी ।

**Shri Shankar Dayal Singh :** Sir, here I agree with Shri Vajpayee. Hindi should not be ignored like this.

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : यह आयोग 1968 में नियुक्त किया गया था और अब 1974 आने वाला है । सरकार को इसे सत्र के आरम्भ में ही सभा-पटल पर रखना चाहिए था ताकि इसी सत्र में इस पर विचार किया जा सकता ।

**काफी अधिनियम 1942 के अन्तर्गत अधिसूचनाएं, आवश्यक वस्तू अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या सां० आ० 693 दिनांक 26-2-73 का शुद्धि पत्र**

**वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) :** मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) काफी अधिनियम 1942 की धारा 48 की उपधारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) सा०सां०नि० 513(ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 1 दिसम्बर, 1973 में प्रकाशित हुए थे ।

(दो) सा० सां० नि० 514(ङ) जो भारत के राजपत्र दिनांक 1 दिसम्बर, 1973 में प्रकाशित हुए थे ।

**[ग्रंथालय म रखी गई । देखिए संख्या एल० टी० 6128/73]**

(2) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या सा० आ० 2474 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति जो भारत के राजपत्र दिनांक 1 सितम्बर, 1973 में प्रकाशित हुई थी और जिसमें अधिसूचना संख्या सा०आ० 693 दिनांक 26 फरवरी, 1972 का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है । **[ग्रंथालय में रखे गये । देखिए संख्या एल० टी० 6129/73]**

**श्री सेझियान** : श्रीमान्, यह तो उन्हें सभा का सत्र प्रारम्भ होने के 15 दिन के भीतर ही करना चाहिए था। किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया।

**श्री जी० विश्वनाथन** : मद संख्या 2 के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहूंगा कि यह 1-9-1973 को ही प्रकाशित हो गया था और समान्यतः यह 15 दिन के भीतर ही सभा-पटल पर रखा जाना चाहिए था। अब उन्होंने बिलम्ब के कारण बताने वाला वक्तव्य भी सभा-पटल पर नहीं रखा है।

**अध्यक्ष महोदय** : उन्हें विलम्ब के लिए ज्ञापन देना चाहिए था। मैं आशा करता हूं कि वह इसे बाद में सभा-पटल पर रखेंगे।

**Shri Atal Bihari Vajpayee** : Sir, on a point of order. I want to say that Prof. Sher Singh did not place on the Table the statement giving reasons for delay in placing Hindi Version of the same. Just see, he is now authenticating the same.

**Mr. Speaker** : That should have been laid sumultaneously.

**नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खोली गई राष्ट्रीयकृत बैंकों की नई शाखाओं के बारे में दिनांक 3 अगस्त, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1920 के उत्तर में शुद्धि**

**वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी)** : मैं (एक) नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खोली गई राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं के बारे में श्री आर० के० सिन्हा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1920 के 3 अगस्त, 1973 को दिये गये उत्तर को शुद्ध करने और (दो) उत्तर को शुद्ध करने में हुए विलम्ब के कारणों के संबंध में एक विवरण सभा पटल पर रखती हूं।

**विवरण**

श्री आर० के० सिन्हा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1920 के भाग (ख) का उत्तर जो 3 अगस्त, 1973 को लोक-सभा में दिया गया था उसमें और बातों के साथ-साथ मैंने बताया था कि 1-1-1973 से 30-6-1973 तक की अवधि में देश में 14 राष्ट्रीकृत बैंकों की जितनी शाखाएं खोली गयी वह 293 थी और इन शाखाओं के क्षेत्र की जन संख्या का आबादी की दृष्टि से वर्गीकरण इस प्रकार था :—

| | |
|---|---|
| ग्रामीण . . . . . . . | 109 |
| अर्धशहरी . . . . . . . | 59 |
| शहरी . . . . . . . | 58 |
| महानगर . . . . . . . | 67 |

2. भारतीय रिजर्व बैंक ने जिसने उक्त सूचना दी थी, अब बताया है कि शाखाओं की सही संख्या 308 है और आबादी की अलग-अलग जनसंख्या इस प्रकार है :–

| | 1-1-1973 से 30-6-1973 तक 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा खोली गयी शाखाओं की संख्या |
|---|---|
| ग्रामीण . . . . . | 110 |
| अर्ध-शहरी . . . | 64 |
| शहरी . . . . | 63 |
| महानगर/पत्तन नगर . . | 71 |
| | 308 |

इसलिए मैं आज यह वक्तव्य अभिलेख को ठीक करने के लिए दे रही हूं। मुझे पहले के उत्तर में हुई त्रुटि के लिए खेद है।

3. भारतीय रिजर्व बैंक से ठीक आंकड़े बताने वाली सूचना 19 दिसम्बर, 1973 को प्राप्त हुई।

---

## राज्य सभा से संदेश

### MESSAGES FROM RAJYA SABHA

**महासचिव** : श्रीमान, मुझे राज्य सभा के महासचिव से प्राप्त निम्नलिखित संदेशों की सूचना देती है :

(एक) कि राज्य सभा अपनी 20 दिसम्बर, 1973 की बैठक में लोक सभा द्वारा 18 दिसम्बर, 1973 को पास किये गये मुल्की नियम (निरसन) विधेयक, 1973 से बिना किसी संशोधन के सहमत हो गई।

(दो) कि राज्य सभा 20 दिसम्बर, 1973 की अपनी बैठक में लोक सभा द्वारा 19 दिसम्बर, 1973 को पास किये गये कोंकण यात्री पोत (अर्जन) विधेयक, 1973 से बिना किसी संशोधन के सहमत हो गई।

(तीन) कि राज्य सभा ने 20 दिसम्बर, 1973 की अपनी बैठक में लोक सभा द्वारा 18 दिसम्बर, 1973 को पास किया गया संविधान* (32 वां संशोधन) विधेयक, 1973 बिना किसी संशोधन, के भारत के संविधान के अनुच्छद 368 के उपबंधों के अनुसार में पास किया।

---

## विधेयकों पर अनुमति

### ASSENT TO BILLS

**महासचिव** : मैं चालू सत्र के दौरान संसद की दोनों सभाओं द्वारा पास किये गये तथा राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त निम्नलिखित दो विधेयक सभा पटल पर रखता हूं :

(1) बोनस संदाय (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1973

(2) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और लवण (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1973

---

## सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

### COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

**41वां तथा 44वां प्रतिवेदन**

**डा० संकटा प्रसाद** (मिसरिख) : मैं सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं :

(1) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के सम्बन्ध में समिति के पहले प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में 41 वां प्रतिवेदन

---

*यह विधेयक लोक सभा में संविधान (33 वा सशोधन) विधयक, 1973 के रूप में पुरःस्थापित किया गया था ।

[डा० संकटा प्रसाद]

(2) हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड, के सम्बन्ध में समिति के 18 वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में 44 वां प्रतिवेदन ।

---

## लोको रनिंग कर्मचारियों की हड़ताल के बारे में

## RE : STRIKE BY LOCO RUNNING STAFF

**अध्यक्ष महोदय :** श्री एल० एन० मिश्र । वह यहां उपस्थित नहीं है । वह चार बजे श्याम के आस पास आयेंगे ।

**Shri Atal Bihari Vajpayee**: Then you should give us time to have discussion thereon.

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : श्री एल० एन० मिश्र के वक्तव्य पर चर्चा के लिए कम से कम एक घंटा मिलना चाहिए, क्योंकि इस मामले पर हम अपने विचार व्यक्त करना चाहते ।

**उपाध्यक्ष महोदय :** मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है । यदि समय उपलब्ध हुआ तो अवश्य मिलेगा ।

---

## पश्चिम बंगाल में खाद्य संकट के बारे में दिनांक 17 दिसम्बर, 1973 के तारांकित प्रश्न संख्या 503 के उत्तर में शुद्धि

## CORRECTION OF ANSWER TO S. Q. NO. 503 DATED 17-12-73 RE- FOOD CRISIS IN WEST BENGAL

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहेब पी० शिन्दे) :** मैं पश्चिम बंगाल में खाद्य संकट में श्री ज्योतिर्मय बसु के तारांकित प्रश्न संख्या 503 के 17 दिसम्बर, 1973 को दिये गये उत्तर को शुद्ध करने के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं ।

### वक्तव्य

दिनांक 17 दिसम्बर, 1973 को तारांकित प्रश्न संख्या 503 पर श्री ज्योतिर्मय बसु द्वारा पूछे गए अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर में मैंने पश्चिमी बंगाल को जुलाई से अक्तूबर, 1973 की अवधि के लिए गेहूं की वास्तविक सप्लाई के निम्नलिखित आंकड़े दिए थे :—

| मास | सप्लाई (मीटरी टन में) |
|---|---|
| जुलाई 1973 | 131,000 |
| अगस्त 1973 | 148,000 |
| सितम्बर 1973 | 150,000 |
| अक्तूबर 1973 | 122,000 |

उपर्युक्त दी गई स्थिति जून से सितम्बर, 1973 की अवधि की वास्तविक सप्लाई से सम्बन्धित है। क्योंकि उत्तर जुलाई से अक्तूबर की अवधि के संदर्भ में है अत: उन मासों के स्थान पर निम्नलिखित आंकड़े प्रतिस्थापित करते हैं :—

| महीना | सप्लाई (मीटरी टन में) |
|---|---|
| जुलाई, 1973 . . . . . . | 148,000 |
| अगस्त, 1973 . . . . . . | 150,500 |
| सितम्बर, 1973 . . . . . . | 122,800 |
| अक्तूबर, 1973 . . . . . . | 115,100 |

यह शुद्ध पत्र पहले दिए गए आंकड़ों को ठीक करने के लिए है।

## भारतीय खाद्य निगम पर 12 दिसम्बर, 1973 को हुई चर्चा के दौरान दिये गये आश्वासनों की पूर्ति के बारे में वक्तव्य

## STATEMENT RE : FULFILMENT OF ASSURANCE GIVEN ON 12-12-73 DURING DEBATE ON F.C.I

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहेब पी० शिन्दे)**: मैं भारतीय खाद्य निगम के कार्यकरण पर 12 दिसम्बर, 1973 को हुई चर्चा के दौरान दिये गये आश्वासन की पूर्ति के सम्बन्ध में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

### वक्तव्य

लोक सभा में दिनांक 10 दिसम्बर, 1973 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 4018 के उत्तर में यह आश्वासन दिया गया था कि भारतीय खाद्य निगम से सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा के पटल पर रख दी जाएगी। बाद में लोक सभा में 12–12–1973 को भारतीय खाद्य निगम के कार्य-चालन पर अनियत दिन वाले प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान फिर आश्वासन दिया गया था कि अतारांकित प्रश्न के बारे में सूचना अधिवेशन के अन्त से पूर्व दी जाएगी। तदनुसार एक अनुबन्ध सभा के पटल पर रखा जाता है जिसमें सूचना दी गई है।

### अनुबन्ध

(क) भारतीय खाद्य निगम के लगभग 50,522 कर्मचारियों के वेतन तथा भत्तों पर औसत मासिक खर्च 31 मार्च, 1973 को लगभग 1.90 करोड़ रुपये बनता था।

(ख) पिछले छ: महीनों के दौरान विभिन्न आरोपों जैसे कि रिश्वत लेना, गबन तथा दुर्विनियोजन, चिकित्सा तथा यात्रा भत्ता के झूठे बिल प्रस्तुत करना, सरकारी रिकार्ड में हेर-फेर करना और अन्य कदाचारों लिए 152 कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी। इस सम्बन्ध में की गई कार्यवाही इस प्रकार है :— नौकरी से निकालना, मुअत्तिल करना, विभागीय कार्यवाही और श्रेणी 1 के 10, श्रेणी 2 के 6; श्रेणी 3 के 83 और श्रेणी 4 के 53 कर्मचारियों के विरुद्ध अदालती कार्यवाही के लिए पुलिस तथा केन्द्रीय जांच ब्यूरो को मामले सौंपना।

## वर्ष 1971-73 के दौरान अमरीका तथा साम्यवादी देशों द्वारा आमंत्रित भारतीय पत्रकारों के बारे में दी गई जानकारी के बारे में सदस्य द्वारा वक्तव्य

STATEMENT BY MEMBER RE : INFORMATION GIVEN ABOUT INDIAN JOURNALISTS INVITED BY USA AND COMMUNIST COUNTRIES DURING 1971-73

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमन्ड हार्बर) : 12 दिसम्बर, 1973 को अतारांकित प्रश्न सं० 4495 के उत्तर में मंत्री महोदय ने वर्ष 1971–73 की अवधि में संयुक्त राज्य अमेरिका और कम्युनिस्ट देशों द्वारा आमंत्रित किये गये भारतीय पत्रकारों की एक सूची प्रस्तुत की थी। उस सूची में यह दिखाया गया था कि यु० एन० आई० के श्री एस० एल० ढींगरा को बुल्गारिया आमंत्रित किया गया और उन्होंने उस देश की यात्रा की।

जांच करने पर यह पता चला है कि वह वक्तव्य गलत है। सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताये कि उत्तर में गलती होने का क्या कारण है?

इस सत्र में मैं इस प्रकार के मामले चार बार उठा चुका हूँ।

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री आई० के० गुजराल)** : 12 दिसम्बर, 1973 को अतारांकित प्रश्न संख्या 4495 के भाग (ग) के उत्तर में लोक सभा की मेज पर एक विवरण रखा गया था जिसमें 1971–73 की अवधि के दौरान अमरीका और साम्यवादी देशों द्वारा आमंत्रित किये गये भारतीय पत्रकारों की सूचियां दी गई थीं।

1971–73 की अवधि के दौरान अमरीका और साम्यवादी देशों द्वारा जिन भारतीय पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था, उनके नाम विदेश मंत्रालय से प्राप्त किये गय थे जो कि इस मामले से संबंधित हैं। अत्यंत खेद है कि श्री एस० एल० ढींगरा का नाम गलती से उन पत्रकारों की सूची में शामिल हो गया जो 1972–73 के दौरान बल्गारिया गए थे या बल्गारिया द्वारा आमंत्रित किए गए थे। श्री ढींगरा को वास्तव में ब्रिटेन द्वारा आमंत्रित किया गया था, बल्गारिया द्वारा नहीं। क्योंकि बल्गारिया और ब्रिटेन से प्राप्त निमंत्रण एक ही फाइल पर चल रहे थे, अनवधानता से यह गलती हो गई। सूचियों के चौथे कालम का शीर्षक "उस देश का नाम जिससे निमंत्रण प्राप्त हुआ" पढ़ा जाए।

---

## नियम 377 के अन्तर्गत मामले

MATTERS UNDER RULE 377

**Shri Atal Bihari Vajpayee** (Gwalior) : I had also given a Notice under Rule 115, but no reply has so far been given.

**Mr. Speaker** : It might be replied even now. If not, it could be replied after one and a half months later.

**श्री बी० वी० नायक** (कनारा): अध्यक्ष महोदय, मैं कर्नाटक राज्य में भूमि-अधिग्रहण के मामले को उठाना चाहता हूँ। मैं निर्देश 117 के अधीन दो कागज सभा-पटल पर रखने की अनुमति चाहता हूं।*

---

*अध्यक्ष महोदय द्वारा तदनन्तर आवश्यक अनुमति प्रदान न किये जाने के कारण कागजात / दस्तावेज को सभा पटल पर रखा गया नहीं माना गया।

The Speaker not having subsequently accorded the necessary permission the paper/Document was not treated as paper laid on the Table.

**अध्यक्ष महोदय** : इस मामले को नियमों के अनुसार नहीं उठाया जा सकता। परन्तु इस मामले को उठाने की अनुमति को पूर्व-दृष्टांत के रूप में उल्लेखित नहीं किया जायेगा। कागजों के बारे में मैं अपना निर्णय उन्हें देखने के बाद दूंगा।

**श्री बी० वी० नायक** : यह तार मुझे अभी अभी प्राप्त हुआ है। इसके अनुसार उत्तरी कनारा के तालुक कुमटा के हिरेगुट्टी स्थान पर कास्टिक सोडा कारखाने के लिए 2052 एकड़ भमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे 12,000 किसान और विशेषकर 250 हरिजन भूमिहीन और बेकार हो जायेंगे। अगर उन्हें कोई संरक्षण नहीं दिया गया, तो अनिश्चित काल की भूख हड़ताल की जायगी।

इस बारे में प्रधान मंत्री से भी अभ्यावेदन किया गया था कि कर्नाटक के कारबार में धान उगाने वाले बहुत उपजाऊ 2500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है जिससे 10,000 कृषक और उसके परिवार विस्थापित हो जायेंगे। उनसे यह अनुरोध भी किया गया था कि जांच आयोग अधिनियम के अधीन अनुचित औद्योगिक रियायत देने के सम्पूर्ण मामले की जांच की जाय और भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगा दी जाय। इस बारे में राज्य सरकार को निदेश दिया जा सकता है।

मैसूर औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1966 अन्यायकारी अधिनियम है। इसलिए न्यायालय से भी न्याय प्राप्त करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। मैं केन्द्रीय सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और इस भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाये।

**Dr. Lanminarain Pandeya** (Mandsaur): The Alumina Plant at Korba has been closed and large stock of alumina has piled up theie. Thousands of workers have lost their jobs and 400 permanent employees are also likely to be retrenched. The Government should come out with a statement as to how long would it take to re-open the plant.

Secondly, the sugar mills owners have made huge profits due to increse in the excise duty, but the prices of sugar cane have not been increased in spite of the persistent demand of the cane growers.

[ **उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair* ]

The Government should have fixed the prices of sugar-cane at the rate of Rs. 15/- per quintal keeping in view the sharp rise in the prices of inputs such as fertilisers, diesel seeds and agricultural equipments. The Central Government shoulld make a statement in this regard and issue a directive to the states to increase the prices of sugar-cane.

**श्री था किरुत्तिनन** (शिवगंज) : मैं रेलवे के लोको कर्मचारियों की हड़ताल का मामला उठाना चाहता था, परन्तु अध्यक्ष महोदय ने कहा है कि आज दोपहर बाद वह मंत्री महोदय के वक्तव्य के बाद इस मामले पर बहस की अनुमति देंगे, अत: मैं इस समय इस मामले को नहीं उठाना चाहता।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं देखूंगा कि अध्यक्ष महोदय ने क्या कहा है।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमण्ड हार्बर) : नियम 377 के अधीन मैं निम्नलिखित मामला उठाना चाहता हूँ। दिल्ली विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन ने संसद भवन के निकट प्रदर्शन किया और वे बोट क्लब के निकट इकट्ठे हुए। अनेक प्रमुख संसद सदस्यों ने उनके समक्ष भाषण दिया और सर्वसम्मति से उनकी मांगों का समर्थन किया।

[श्री ज्योतिर्मय बसु]

इन अध्यापकों के वेतनमानों में वर्ष 1961 से कोई बड़ा संशोधन नहीं किया गया है। 1966 में मामूली परिवर्तन किया गया था। तबसे सभी वस्तुओं की कीमतों में कई गुनी वृद्धि हो चुकी है और इससे उनका जीवन-निर्वाह काफी कठिन हो गया है। कोठारी आयोग ने यह सिफारिश की थी कि अध्यापकों के वेतनमानों का हर पांच साल बाद पुनरीक्षण किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वेतन ढांचे आदि के बारे में नियुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट पेश करने में काफी समय लगाया और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मार्च, 1973 में ये सिफारिशें सरकार के पास भेजी थीं। पिछले नौ महीने से सरकार उन पर विचार ही कर रही है।

विश्वविद्यालय के अध्यापक वर्ग की यह राय है कि उनके लिए एक समेकित ग्रेड होना चाहिए और उच्च शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्यक्तियों के लिए अग्रिम/अतिरिक्त वेतन वृद्धियां देने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। प्राध्यापकों और रीडरों के लिए एसोसियेट प्रोफेसर का एक समेकित ग्रेड 700–1900 रुपये का और प्रोफेसरों के लिए 1500–2500 रुपये का ग्रेड होना चाहिए।

नौकरी की सांविधिक सुरक्षा के लिए उपयुक्त कानून बनाया जाना चाहिए और उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध की जानी चाहिए।

माननीय शिक्षा मंत्री इस बारे में वक्तव्य दें, क्योंकि यह काफी महत्वपूर्ण मामला है।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मद सं० 4 के बारे में मुझे यह बताया गया है कि अध्यक्ष महोदय ने यह कहा था कि चर्चा की अनुमति देने के बारे में निर्णय वह मंत्री महोदय के वक्तव्य को देखने के बाद करेंगे। इसलिए चर्चा के लिए कोई सहमति नहीं हुई है और न कोई निर्णय इस बारे में किया गया है।

**श्री एस० बी० गिरि** (वारंगल) : हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि० जो कि एक रक्षा उद्योग है, के लगभग 50,000 कर्मचारियों ने 1 जनवरी, 1974 से हड़ताल करने का नोटिस दे रखा है। मैंने रक्षा-उत्पादन मंत्री श्री विद्याचरण शुक्ल और प्रबन्धकों से अनुरोध किया है कि एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाय जिससे इस रक्षा उद्योग में हड़ताल को टाला जा सके।

**श्री एम० टोम्बी सिंह** (आन्तरिक मनिपुर) : मैं मणिपुर राज्य में मोटर टायरों की कमी के अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय को उठाना चाहता हूँ। मणिपूर राज्य में, जहां रेलों की सुविधा नहीं है, मोटर टायरों की कमी की वजह से गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। मणिपूर की परामर्शदायी समिति में जब यह मामला उठाया गया तो गृह मंत्री ने यह आश्वासन दिया था कि मणिपूर को अधिक संख्या में टायर आवंटित किये जायेंगे और उनकी, ढुलाई के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी; परन्तु अभी तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

मैं औद्योगिक विकास मंत्रालय और सप्लाई मंत्रालय का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि मणिपूर और उसके अन्य पड़ौसी राज्यों नेफा, मेघालय, मणिपूर, नागालैंड और मिजोरम में टायरों का विशेष आवंटन करने के लिए विशिष्ट कार्यवाही करे, क्योंकि इन राज्यों में रेलवे की कतई सुविधा नहीं है।

**उपाध्यक्ष महोदय** : संचार और पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्री का वक्तव्य मेरे पास आ गया है। इसलिए मैं श्री एस० एम० बनर्जी से अनुरोध करूंगा कि वह इस मामले को अब नहीं उठायें।

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : मैं अन्य मामलों को उठाऊंगा।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप अन्य सभी मामलों को नहीं उठाये। मैं इस विषय को समाप्त करने के लिए उत्सुक हूँ।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : व्यक्तिगत कर्मचारियों के लिए तालाबन्दी खत्म करने की बड़ी अजीब बात है। इसके बावजूद उपस्थिति काफी कम है। इस बारे में बातचीत की जानी चाहिए। विसंगतियों को दूर करने का वक्तव्य में उल्लेख होना चाहिए।

---

## इंडियन एयरलाइन्स कार्पोरेशन में तालाबन्दी के बारे में वक्तव्य

## STATEMENT RE : LOCK OUT IN INDIN AIRLINES CORPORATION

**संचार तथा पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री राज बहादुर)** : महोदय, सदन उन परिस्थितियों से अवगत है जिनमें कि इण्डियन एयरलाइन्स के प्रबंधकवर्ग को 24 नवम्बर, 1973 से तालाबन्दी की घोषणा करनी पड़ी। 27 नवम्बर से, कारपोरेशन देश में कुछ एक प्रमुख नगरों के लिए विमान सेवाएं परिचालित करने के लिए एक काम चलाऊ (स्केलेटन) समय-सारिणी के अनसार हर रोज कुछ सेवाएं परिचालित कर रही है।

तालाबन्दी की घोषणा के बाद भी इण्डियन एयरलाइन्स का प्रबन्धकवर्ग किसी समझोते पर पहुंचने के उद्देश्य से विभिन्न संघों के साथ बातचीत करता रहा है। संघों को यह स्पष्ट कर दिया गया था कि शिफ्ट प्रणाली में संशोधन, जिसे कि संघों ने तालाबन्दी के पूर्व प्रारंभ किए जाने वाले आन्दोलन का तत्काल कारण बना लिया था, उन अपव्ययी क्रियाकलापों को, जिनकी कि ओर लोक संस्था समिति ने भी ध्यान आर्कषित किया था तथा जिसको दूर करने के लिए प्रबंधकवर्ग को कोई कसर न उठा रखने के लिए निदेश दिए गए थे, समाप्त करने के लिए किये जाने वाले उपायों में से केवल एक पहला कदम था जो प्रबंधकवर्ग उठाने जा रहा था। इन अपव्ययी क्रियाकलापों की सूची जिनके निवारण के लिए प्रबंधकवर्ग संघों से सहयोग चाहता था, उन्हें दे दी गई थी। इण्डियन एयरक्राफ्ट तकनीशियन एसोसियेशन (आई० ए० टी० ए०) ने, जिसमें 2600 कर्मचारी हैं, प्रबंधकवर्ग के प्रस्तावों के प्रति अनुकुल प्रतिक्रिया व्यक्त की तथा वार्ताओं के कई दौर होने के पश्यात् 8 दिसंम्बर, 1973 को एक समझोते पर हस्ताक्षर कर दिए। समझोते की एक प्रतिलिपि सभा-पटल पर रखी है। इसके परिणामस्वरूप इण्डियन एयरक्राफ्ट तकनीशियन एसोशियेशन के सदस्यों के लिये 10 दिसम्बर, 1973 से तालाबन्दी समाप्त कर दी गई।

भारतीय वाणिज्यिक विमानचालक संघ (आई० सी० पी० ए०) ने तालाबन्दी की वैधता को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है, तथा ए० सी० ई० यू० ने भी दिल्ली उच्च न्यायालय में वैसा ही किया है। कलकत्ता केस की, जिसकी सुनवाई आंशिक रूप से हो चुकी हैं, पुनः 24 दिसम्बर को सुनवाई होगी और दिल्ली केस की सुनवाई की तारीख 3 जनवरी, 1974 निश्चित हुई है।

एक समझोते की शर्तों पर बातचीत करने के लिए उड़ान इंजीनियर संघ के प्रतिनिधि मुझ से तथा प्रबंधकवर्ग से मिले हैं। अधिकांशतया उन्होंने कारपोरेशन के कार्य-चालन में उचित सुधार करने की दृष्टि से प्रबंधकवर्ग द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों की सराहना की है। उनके तथा प्रबंधकवर्ग के मध्य आज एक बैठक होनी है, और मैं आशा करता हूं कि कोई समझोता हो जाएगा जिस से प्रबंधकवर्ग उड़ान इंजीनियरों के सम्बन्ध में तालाबन्दी समाप्त करने की स्थिति में हो जाएगा।

इस बीच, एक बड़ी संख्या में कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से प्राप्त अनुरोधों को, जिनमें उन्होंने अपने मामले में तालाबन्दी को समाप्त करने का आवेदन किया था तथा प्रबंधकवर्ग को अपव्ययी क्रिया-कलापों को दूर करने में उनकी सहायता करने का आश्वासन दिया था, दृष्टि में रखते हुए प्रबंधकवर्ग ने इसी 20 तारीख को समाचारपत्रों में नोटिस जारी किए थे कि यदि कोई कर्मचारी विभिन्न अप-व्ययी कार्य प्रणालियां हटाने में सहमति सम्बन्धी एक शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर करने को तैयार हो तो उसके

[श्री राज बहादुर]

लिए तालाबन्दी समाप्त कर दी जाएगी। इस नोटिस के प्रकाशन पूर्व कारपोरेशन के अध्यक्ष ने एयर कारपोरेशन्स एम्प्लाईज युनियन और इंजीनियर्स एसोसियशन के नेताओं को बुलवाया व उन्हें आश्वासन दिया कि ऐसा काफी संख्या में कर्मचारियों के आग्रह पर ही किया जा रहा है जिसकी उपेक्षा करना उचित नहीं होगा, तथा इसका उद्देश्य किसी प्रकार से किसी भी युनियन को प्रतिकल रूप से प्रभावित करना नहीं है। उसने इस बात पर भी जोर दिया कि कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत वचनों का भविष्य में युनियन के साथ किए जाने वाले किसी समझोते पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाएगा।

इस प्रेस नोटिस के पश्चात् काफी बड़ी संख्या में कर्मचारी 21 तारीख की प्रातः को एयरलाइंस के विभिन्न कार्य-स्थलों पर उपस्थित हुए। इनमें से कुछ स्थानों के निकट ए० सी० ई० यु० के नेताओं ने भाषण भी दिए तथा कर्मचारियों को प्रबंधकवर्ग द्वारा मांगे गये शपथ-पत्र न देने के लिए कहा। तथापि, बहुत से कर्मचारी कार्य पर उपस्थित हो कर शपथ-पत्रों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं और उन्हें ड्यूटी पर ले लिया गया है।

चारों क्षेत्रीय मुख्यालयों से आज प्रातः 10 बजे तक उपलब्ध सूचना के अनुसार लगभग 1000 कर्मचारी शपथ-पत्रों पर हस्ताक्षर करके पुनः कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। ऐसा समझा जाता है कि अन्य स्थानों पर भी बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्य पर उपस्थित हो रहे हैं लेकिन तत्सम्बन्धी ब्यौरे अभी उपलब्ध नहीं हैं।

प्रबंधकवर्ग सदा इस बात पर बल देता रहा है कि तालाबन्दी तभी समाप्त की जाएगी जब कि सभी संघ स्पष्ट तथा असंदिग्ध रूप से ये आश्वासन दे देंगे कि वे विभिन्न अपव्ययी कार्य-प्रणालियों को हटाने तथा एयरलाइंन्स में सुधार, सुरक्षा, कार्य-कुशलता एवं उत्पादकता सम्बन्धी उपायों में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

मुझे आशा है कि संबंधित संघों के नेता इस बात को महसूस करेंगे कि एक बड़ी संख्या में उनके अपने सदस्य प्रबन्धकवर्ग के साथ सहयोग के इच्छुक हैं; और वे शीघ्र ही एक ऐसा समझोता करने को प्रस्तुत होंगे जिसके परिणामस्वरूप सभी कर्मचारियों के लिए तालाबन्दी समाप्त करना सम्भव हो सकेगा।

**उपाध्यक्ष महोदय** : नियम 377 के अन्तर्गत, साधारणतया मामला लाया जाता है और मंत्री महोदय यदि वक्तव्य देने की स्थिति में होते हैं तो वक्तव्य देते हैं। आगे कोई चर्चा नहीं होती। परन्तु यह चूंकि सत्र का अन्तिम दिन है अतः सदस्य अपनी बात कह सकते हैं, वाद-विवाद नहीं होना चाहिए।

**श्री वि० के० कृष्णमेनन** (त्रिवेन्द्रम) : इण्डियन एयरलाइन्स के कर्मचारियों के प्रति सरकार ने तथा संगठन के चेयरमन ने अच्छा दृष्टिकोण नहीं अपनाया। हड़ताल तोड़ना अच्छी बात नहीं है। सामूहिक रूप से द्विपक्षीय निर्णय संवैधानिक संरक्षण है। सरकार की शक्ति को हड़ताल तोड़ने के लिये प्रयोग किया जाता है। रेल मंत्री ने इस संदर्भ में प्रादेशिक सेना का प्रयोग किया। संचार मंत्री ने भी ऐसा ही कुछ किया। उस अवधि का वेतन, जिसमें कर्मचारियों को कमी किया है रोकने का सरकार को क्या हक है। ऐसा करने का केवल एक ही कारण है कि वे कर्मचारियों को भूखा मारना चाहते हैं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप बातें नोट कर लें और तत्पश्चात् उत्तर दें।

**श्री इन्द्रजीत गुप्त** (अलीपुर) : एक या दो संघों ने तालाबन्दी को गैर कानूनी बताते हुये इसके विरुद्ध कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया है। हम निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

मैं यह बात जानना चाहता हूं कि क्या चेयरमैन न्यायालय का निर्णय होने तक तालाबन्दी की अवधि के वेतन की अदायगी रोक सकते हैं? जब तक न्यायालय ने यह निर्णय नहीं दिया है कि तालाबन्दी कानूनी

है अथवा गैर कानूनी, तब तक चेयरमैन को ऐसा कहने का अधिकार किसने दिया है ? बकाया वेतन की अदायगी नहीं की जा रही है।

**Shri Atal Bihari Vajpayee** (Gwailior) : Sir, an undertaking to stop the practice of wasteful expenditure is being taken from the employees of Indian Airlines. Is it proper in a Government undertaking? Is there no way out to solve the problem? May I know whether such a wasteful expenditure is limited to Indian Airlines only? This is a dictatorial way of doing things. We want that the strike should be called off but the method adopted in this regard is not desirable.

**श्री के० हनुमन्तैया** (बंगलौर) : हम बहुत समय से ऐसा महसूस कर रहे हैं कि बहुत से श्रमिक संगठन देश को विनाश की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं (**व्यवधान**)

**उपाध्यक्ष महोदय** : मुझे इसी बात का भय था कि दोनों ओर से वाद-विवाद आरम्भ हो जायेगा। माननीय सदस्यों ने जो बातें उठायीं हैं यदि मंत्री महोदय उनका उत्तर दे सकते हो तो उत्तर दें।

**श्री के० हनुमन्तैया** : सरकार पहली बार लोगों के हितों का दृढ़ता से संरक्षण कर रही है। इण्डियन एयरलाइन्स के चेयरमैन ने इस सम्बन्ध में दृढ़ निश्चय और देश भक्ति का परिचय दिया है। हम उनका समर्थन करते हैं। यदि सरकार इस मामले में झुकेगी तो हमें बहुत दुःख होगा।

**Shri Madhu Limaye** (Banka) : Sir, I would like to seek clarification to some points. May I know whether the Government decided militarization of the Government Departments and all the public Companies, whether the Government want to introduce fascism in place of trade union movement? May I also know whether the government wants to have undertakings from the employees by way of starving them? As regards wasteful expenditure, may I know whether the Government propose to withdraw the lockout unconditionally and intends to form a combined Committee of labourers, employees and the management to settle the matters about shift system?

**श्री विक्रम महाजन** (कांगड़ा) : देश की कठिन आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुये तथा इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये कि कुछ राजनैतिक दल इस कठिन परिस्थिति से अनुचित लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं और देश में अराजकता लाने के लिये प्रयत्नशील हैं, क्या मंत्री महोदय सदन को इस बात का आश्वासन देंगे कि वह कुछ संघों और कुछ राजनैतिक दलों को देश में अराजकता का वातावरण नहीं लाने देंगे।

दूसरे, यह आश्वासन भी दिया जाना चाहिये कि लोक सेवा करने वाले चेयरमैन का समर्थन करेंगे ? (**व्यवधान**)

**श्री इन्द्रजीत गुप्त** : शिवसेना भी बंद का आयोजन करती है (**व्यवधान**)

**श्री के० हनुमन्तैया** : वामपंथी रजनी पटेल शिवसेना का समर्थन करते हैं, हम नहीं।

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : नयी पारी प्रणाली आरम्भ करने से जो कठिनाइयां उत्पन्न होंगी क्या संयुक्त समिति में उन पर विचार किया जायेगा और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है। क्या बकाया वेतन का तुरन्त भुगतान किया जायेगा ? तीसरे, क्या तालाबन्दी समाप्त करने से पूर्व कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को विश्वास में लिया जायेगा ?

**श्री भागवत झा आज़ाद** (भागलपुर) : इस सम्बन्ध में हम मंत्री महोदय के वक्तव्य का समर्थन करते हैं ? क्या सरकार इसी नीति पर आगे भी दृढ रहेगी ? कुछ संघ देश को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। दूसरे, क्या सरकार 'कार्य नहीं वेतन नहीं' के सिद्धांत पर दृढ़ रहेगी? तीसरे, क्या बसु जैसे अधिकारियों

[श्री भागवत झा आझाद]

के व्यवहार पर ध्यान दिया जायेगा ? मैं आशा करता हूं कि सरकार भविष्य में इस नीति का अनुसरण करेगी ।

श्री **दीनेन भट्टाचार्य** (सीरमपुर) : सार्वजनिक उपक्रम समिति ने सिफारिश की है कि बेकार व्यय के सम्बन्ध में इंडियन एयरलाइन्स के प्रबन्धक कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से बात चीत करेंगे और इसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी । क्या यह सच नहीं है कि श्री लाल ने वहां उसी समय नयी पारी प्रणाली की घोषणा की थी जिससे कर्मचारियों में बहुत असंतोष फैला है ? (**व्यवधान**) क्या सरकार सभी क्षेत्रों में हड़तालों पर प्रतिबन्ध लगायेगी ? क्या सरकार इस नीति का अनुसरण करेगी ?

**Shri Shankar Dayal Singh** (Chatra) : The Government, under compelling circumstance had to declare lockout. Who is responsible for instigating the employees and thus holding the country to ransom? We want that the black mailing in the name of trade unions should be stopped.

May I know the extent of loss Indian Airlines would have to suffer cosequent to this lockout and the time by which this loss would be made good? Secondly, I want to know the action Government proposes to take against those undesirable elements who have instigated such a trouble?

श्री **श्यामनन्दन मिश्र** (बेगुसराय) : देश की सम्पूर्ण यातायात व्यवस्था छिन्न-भिन्न है और ऐसा प्रतीत होता है कि देश में सजीवता नष्ट हो गई है । विमान सेवायें शीघ्रातिशीघ्र फिरसे आरम्भ की जानी चाहिये । दोनों पक्षों को बिनाशर्त आपस में बात-चीत करनी चाहियें । (**व्यवधान**) अर्जित वेतन का अविलम्ब भुगतान किया जाना चाहिये ।

श्री **ए० पी० शर्मा** (बक्सर) : मुझे खेद है कि श्री मेनन जैसे वरिष्ठ सदस्य ने सरकार की कार्यवाही को हड़ताल तोड़ने वाला कदम बताया है । कर्मचारी स्वेच्छा से कार्य पर वापस आ रहे हैं । क्या देश के किसी भी वर्ग को देश की प्रगति में बाधक बनने का और देश को विनाश के कगार पर लाने का अधिकार है ? क्या सरकार इस सम्बन्ध में अपनी नीति पर भविष्य में भी दृढ़ रहेगी ?

श्री **ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : मैं यह बात जानना चाहता हूं कि क्या इण्डियन एयरलाइन्स में भतपूर्व मंत्री तथा अधिकारी जो कुछ कर रहे थे सब गलत था और यकायक श्री लाल ने आ कर नयी बातें पेश की है ?

श्री लाल ने स्वंयेव ही भाड़े में वृद्धि की घोषणा करके दूसरी गम्भीर गलती की है । मैं यह आश्वासन चाहता हूं कि मंत्री महोदय कर्मचारियों की मांगों के आधार पर द्विपक्षीय वार्ता कराने का प्रयास करेंगे ।

श्री **बी० वी० नायक** (कनारा) : क्या सरकार इस अनावश्यक विवाद को समाप्त करने का अविलम्ब प्रयास करेगी ? क्या मज़दूर संघों सम्बन्धी श्रमिक कानूनों में सुधार किये जायेंगे और श्रमिकों के, विशेषकर सार्वजनिक उपक्रमों में, मामले निपटाये जायेंगे ?

श्री **समर गुह** (कन्टाई) : मैंने कहा था कि चेयरमैन को धैर्य से कार्य करना चाहिये और मंत्री महोदय ने मेरी बात का खण्डन किया था । आज जो परिस्थिति है उससे स्पष्ट हो जाता है कि मैंने ठीक कहा था अथवा गलत । आज सभी लोग सरकार के व्यवहार की आलोचना कर रहे हैं । सरकार भय और आतंक का वातावरण पैदा करके श्रमिक आन्दोलन को दबाना चाहती है ।

तालाबन्दी से अब तक इण्डियन एयरलाइन्स को कितनी हानि पहुंची है । क्या सरकार के तालाबन्दी से पहले का तथा बाद का कर्मचारियों का वेतन भुगतान करने से रोका हुआ है, यदि हां तो किन नियमों के अन्तर्गत ? क्या सरकार कर्मचारियों से, उनके काम पर आने से पूर्व लिखित में कोई बन्धक पत्र ले

रही है यदि हां, तो किस प्रकार का ? क्या सरकार ने उस द्विपक्षीय करार को भंग किया है जो इंडियन एयरलाइन्स कारपोरेशन तथा कर्मचारी संघ के बीच हुआ था ? क्या सरकार नोकरशाही की नीति को छोड़ेगी और बिनाशर्त द्विपक्षीय वार्ता करायेगी और दुर्भाग्य से यदि वार्ता असफल हो जाती है तो मामले को श्रमिक न्यायाधिकरण के पास भेजेगी और इस प्रकार का निर्णय होने तक हम कर्मचारियों से सरकार के साथ काम पर आने का अनुरोध करेंगे।

**श्री दिनेश चंद्र गोस्वामी** (गोहाटी) : क्या प्रबन्धकों ने एक करार के अन्तर्गत कर्मचारियों से वार्ता की थी और वे काम करने के लिए सहमत हो गये थे लेकिन बाहर की ऐजेन्सियों के हस्तक्षेप करने पर उन्होंने काम करने से इन्कार कर दिया? मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार एक यात्री के रूप में मेरी रक्षा उन कर्मचारियों से करेंगी जो पिछले कुछ वर्षों से मुझे तंग करते आ रहे हैं तथा कष्ट पहुंचाते आ रहे है?

**श्री था किसत्तिनन** (शिवगंज) : मेरी समझ में यह नहीं आता कि सरकार रेलवे अथवा इंडियन एयरलाइन्स के मजदूर संघों को क्यों कुचलना चाहती है, सरकार गलतियों पर गलतियां करती जा रही है, इंडियन एयरलाइन्स की तालाबंदी के लिये मंत्री महोदय जिम्मेवार है। इंडियन एयरलाइन्स में बहुत सा रुपया व्यर्थ ही व्यय किया जा रहा है। इस प्रकार के व्यय को रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की? मैं यह भी जानना चाहूंगा कि पारी प्रणाली लागू करने के बारे में क्या मंत्री महोदय ने मजदूर संघ के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया था ?

The question of protection to the loyal workers is very important. The loyal workers are obstructed from attending their duties. It is not proper. These workers have to be given protection. Any worker victimising loyal workers will be immediately arrested.

It is said that the strike is illegal. It is our aim that the strike should end soon. We want to have a concilliatry attitude in this matter. We want peace.

**Shri D. N. Tiwary** (Gopalganj) : The antisocial elements should be dealt with severely.

**Shri L. N. Misra** : Shri Tiwary is recollecting the days of youth... (*Interruptions*).

एक माननीय सदस्य ने कहा है कि रेल मंत्री उनसे क्यों नहीं मिलते । मुझे उनसे मिलकर अति प्रसन्नता होगी । वे मुझ से समय निश्चित कर सकते है । मुझे उन्हे मिलन में कोई आपत्ति नहीं ।

In reply to the point raised by Shri Shukla, I do not remember the exact figure, but I think 70 or 80 persons have been arrested. So far as the point raised by Shri Halder it is not possible to invite representatives of all the 29 categories to have any fruitful discussion. Any serious discussion can be held with two recognised federations, 3-4 Central trade unions organisations and the active workers in this field. We have no objection to it. (*Interruptions*).

The main point is that they have gone on strike without giving any notice. It is highly unfair on their part. According to rules they should have given a 15 days' notice but unfortunately we did not get any notice even for 48 hours of strike. I realise the difficulties caused to the people by this sudden dislocation in railway service. But we have tried our level best to maintain the supply of essential commodities. We have diverted the man power from passenger trains to goods trains to ensure movement of essential goods like food grains. I would like to appeal the people of our country to pursuade the Railway employees to return to their duty. I would also like to tell them that their genuine demands of the workers would be acceded to. We would implement the elveen point formula.

So far as the delay in implementation is concerned, I would like to assure you that all the assurances given by the Government would certainly be fulfilled. Qureshi Commitee has been appointed and it would take a month or two. I suggest that this strike should be called off unconditionally.

Shri Indrajit Gupta has held us to a great extent. As all of us know day before last rice was not available in Calcutta. But now we have sent 150-200 wagons full of rice there.

**उपाध्यक्ष महोदय** : भारत सेवक समाज के चेयरमैन श्री गुलजारीलाल नन्दा द्वारा दिये गये लेखों के विवरण को कृषि मंत्री सभा पटल पर रख सकते है । आज मध्याह्न पूर्व कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री ने सभा पटल पर कुछ पत्र रखे थे जिनमें श्री जी० एल० नन्दा का उल्लेख था ।

**Shri Atal Bihari Vajpayee** (Gwalior) : Why is it not given to the Enquiry Commission. The commission has submitted its report.

**उपाध्यक्ष महोदय** : मंत्री महोदय ने मुझसे इसकी अनुमति मांगी थी...

**श्री श्याम नंदन मिश्र** (बेगुसराय) : यह नहीं हो सकता।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डाइमंड हार्बर) : महोदय । स्वयं आप को ज्ञात नहीं है कि ये पत्र भारत सेवक समाज के जांच आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन से सम्बन्धित है अथवा कपूर आयोग से इस स्थिति में माननीय सदस्यों की आलोचना करना अध्यक्षपीठ को शोभनीय नहीं है।

**Shri Atal Bihari Vajpayee** : I rise on a point of order. Serious charges were levelled against Bharat Sewak Samaj. Kapoor Commission was appointed to look into the charges. How the Report of the Commission and the decision taken by the Government on it have been laid on the Table. What is the idea of laying the statement of accounts given by Shri Nanda on the Table ? If there were some accounts to be included in the report, they should be submitted to the Commission. How did you permit the hon. Minister to do so now ? At this stage the statement of accounts can not be treated as a part of the report.

**Shri Madhu Limaye** (Banka) : Sir, May I know the rule under which the statement of accounts pertaining to a private member is sought to be laid on the Table ? I strongly oppose this move.

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** : भारत सेवक समाज की गतिविधियों तथा कार्यकलापों की कपूर आयोग ने जांच की है । आयोग का प्रतिवेदन भी सभा पटल पर रखा जा चुका है । अब

[श्री श्यामनन्दन मिश्र]

सरकार भारत सेवक समाज के चेयरमैन के लेखें का विवरण सभा पटल पर रखना चाहती है। पता नहीं सरकार और भारत सेवक समाज के चेयरमैन में कोई सांठगांठ भी हो सकती है। सभा पटल पर रखे गये दस्तावेज का प्रभाव समाप्त करने के लिये अब इस विवरण को सभा पटल पर रखा जा रहा है। हम इसकी अनुमती नहीं दे सकते।

दूसरा प्रश्न यह है कि एक गैर सरकारी सदस्य से संबंधित इस दस्तावेज को किस नियम के तरह सभा पटल पर रखे आने की अनुमति दी जा रही है ?

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं माननीय सदस्यों का बहुत आभारी हूं। आइटम में लिखा है :

> "प्रो० शेरसिंह भारत सेवक समाज के कार्यकरण के बार में जांच आयोग का प्रतिवेदन तथा उस पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ज्ञापन सभा पटल पर रखें।"

वे पत्र सभा पटल पर रख दिये गये। निदेश संख्या 116(3) के अनुसार मंत्रालयों को सामान्यतः दो दिन पहले ऐसे पत्र भेजने होते है। किन्तु विशेष परिस्थितियों में मंत्री अध्यक्ष से यह अनुरोध कर सकते है कि उन्हें अल्प सूचना पर सभा पटल पर कोई पत्र रखने की अनुमति दी जाए। मैं स्वीकार करता हूं कि यह पत्र न जांच आयोग के प्रतिवदन का भाग है और न ज्ञापन का भाग है। किन्तु यह पत्र मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

**श्री मधु लिमये :** किन्तु यह भ्रामक परिस्थिति मे क्यों किया गया है ?

यदि श्री नंदा स्वयं इस पत्र को सभा पटल पर रखते तो अधिक उपयुक्त होता।

**उपाध्यक्ष महोदय :** कोई बात नहीं है। मैं आप के सामने तथ्य रख रहा हूं ...

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** उन्होने क्या लिखा है ?

**उपाध्यक्ष महोदय :** उन्होंने लिखा है :

> "मैं आपकी अनुमति से श्री जी० एल० नन्दा, संसद सदस्य से प्राते पत्र और उसके साथ संलग्न लेखा विवरण सभा पटल पर रखता हूं।"

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) **:** उस पर हस्ताक्षर किसने किये है ?

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री फखरुद्दीन अली अहमद; मंत्री ने किये है।

जहां तक मेरा सम्बन्ध है, मैं आपके समक्ष इसे इस प्रकार रख रहा हूं। मैं कोई निर्णय नहीं ले रहा हूं।

माननीय सदस्य इस पर किसी दिन चर्चा कर सकते है।

**श्री इन्द्रजीत गुप्त** (अलीपुर) **:** क्या ये लेखे उस अवधि के है जब कपूर आयोग ने जांच की थी या उससे बाद की किसी अवधि के लिय है ?

**कृषि मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) :** मैं स्थिति स्पष्ट करता हूं। यह पत्र सरकारी नहीं है।

श्री नन्दा ने मुझे लिखा कि मैं ने इस पत्र को सभा पटल पर रखने के लिये अध्यक्ष महोदय की अनुमति ले ली है और क्या आप इसे सभा पटल पर रखेंगे? अत: मैंने अनुमति ले ली।

**उपाध्यक्ष महोदय :** गहराई से इसकी जांच किये बिना निर्णय करना कठिन है अत: मैं इसे स्थगित करता हूं।

**विवरण**

राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 14 नवम्बर, 1973 को दिन के लगभग 12 बजे श्री कृष्ण चन्द्र हल्दर संसद सदस्य क नतृत्व मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के लगभग एक सौ अनुयायी पश्चिम बंगाल में कुछ राजनतिक दलों के आवाहन पर सिविल अवज्ञा आन्दोलन के एक भाग के रूप में बर्दवान न्यायालय के प्रांगण में आ गये। पुलिस ने जुलूस को न्यायालय प्रांगण के प्रवेश द्वार पर रोक दिया क्योंकि वार्ड नं० iv को छोडकर सारे बर्दवान नगरपालिका क्षेत्र म दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अधीन निषेधाज्ञा लागू थी। अधिकांश प्रदर्शनकारी शान्तिपूर्वक तितर बितर हो गये किन्तु शेष बचे प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट रूप से पुलिस को बताया कि वे निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के उद्देश्य से वहां जमा हुए है। परिणाम स्वरूप 20 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए गए थे और बर्दवान पुलिस थाने ले जाये गये और भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अधीन बर्दवान पुलिस थाने में मुकदमा नं० 26 दिनांक 14-11-1973 दायर किया गया।

2. श्री कृष्ण चन्द्र हल्दर संसद सदस्य से जो पास ही उपस्थित थे पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट बर्दवान के कार्यालय में आकर अपनी शिकायत पेश करने के लिए बार बार अनुरोध किया था। उनको जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में ले जाने के लिए एक वाहन वहां रखा गया था। फिर भी श्री हाल्दर ने जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में जाने से इन्कार कर दिया और पास में खडे पुलिस वाहन में अपने साथियों सहित बल पूर्वक प्रवेश किया। उनसे बडी विनम्रता से कहा गया कि उन्हे गिरफ्तार नहीं किया गया है और उन्हें पुलिस वाहन से बाहर आ जाना चाहिये परन्तु उन्होंने पुलिस वाहन से उतरने से इनकार कर दिया भीड को तितर बितर करने तथा किसी अप्रिय स्थिति को रोकने की दृष्टि से प्रदर्शनकारियों को जो पहले ही पुलिस वाहन में चढ चुके थे बर्दवान नगरपालिका क्षेत्र से बाहर पहुंचाया गया। श्री हल्दर स्वेच्छा से उसी वाहन में बैठे रहे। एक जीप जो संसद सदस्य के लिए रखी गई थी वह भी पीछे पीछे गई। न्यायालय से 13 मील दूर गलसी बाजार में पहुंचने के बाद सभी प्रदर्शनकारी पुलिस वाहन से उतर गये। पुलिस दल के प्रभारी सब इन्स्पेक्टर ने श्री हल्दर से पुन: जीप में सवार होने का अनुरोध किया ताकि वे अपने घर अथवा जहां वे चाहे जा सकें श्री हल्दर ने जवाब दिया कि वे पुलिस जीप में जाने की अपेक्षा अपने साथियों के साथ रहना पसन्द करेंगे।

3. चुंकि श्री हल्दर को पुलिस द्वारा न तो गिरफ्तार किया गया था और न नजरबन्द किया गया था अत: घटना के सम्बन्ध में अध्यक्ष, लोक सभा को कोई सूचना नहीं भेजी गई थी।

**श्री ज्योतिर्मय बसू :** यह गलत विवरण है।

**श्री कृष्णचन्द्र हाल्दर** (औसग्राम) **:** मंत्री महोदय ने जो वक्तव्य दिया है वह गलत है। क्या आप विश्वास करते है कि में स्वेच्छापूर्वक पुलिस की गाडी में प्रवेश करता (**व्यवधान**) में 23 नवम्बर को गया और उसी दिन सभा में अध्यक्ष महोदय से इसे नियम 222 के अन्तर्गत विशेषाधिकार समिति को सोंपने का अनरोध किया था।

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं मंत्री महोदय से कुछ बातों का स्पष्टीकरण चाहता हूं। यह प्रश्न सभा मे 20 नवम्बर को आया। उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार से कब उत्तर मिला ?

**गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) :** पश्चिम बंगाल सरकार से जो पहली जानकारी मिली वह 23 नवम्बर, 1973 के पत्र में दी गई है। कुछ स्पष्टीकरण थे, उन्हे 21 दिसम्बर को अन्तिम तार मिला जिसका हमने उत्तर दिया। सारी जानकारी एकत्रित करने के बाद यह वक्तव्य दिया जा रहा है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** 23 नवम्बर को क्या सूचना दी गई ?

**श्री राम निवास मिर्धा :** इसके साथ पश्चिम बंगाल सरकार के नाम से जिला मजिस्ट्रेट बर्दवान के पत्र की एक प्रति थी, उसी जिले के पुलिस सुपरिंटेंडेंट की रपट भी उसमें थी जो पश्चिम बंगाल सरकार को दी गई थी।

**श्री ए च० एन० मुखर्जी** (कलकत्ता–उत्तर पूर्व) : इसमें एक महीने से अधिक विलम्ब का यही कार्य है कि कुछ छिपाया जा रहा है। हम विशेषाधिकार समिति में ही इसका पता लगा सकते है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं भी यह महसूस करता हूं कि एक महीने का विलम्ब नहीं होना चाहिए।

जैसा कि मंत्री महोदय ने बताया है कि माननीय सदस्य को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सरकार को बताना चाहिये कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है और मामले को समाप्त करना चाहिये था। इस पर एक महीना क्यों लगाया गया ?

इन प्रश्नों से कुछ संदेह उत्पन्न होता है और दो परस्पर विरोधी वक्तव्य भी है। श्री हाल्दर ने 20 नवम्बर को अध्यक्ष महोदय को दिये अपने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि "मैंने 14 नवम्बर को बर्दवान में सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया। मुझे पुलिस द्वारा लगभग 12 बजे मध्याह्न गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस की गाडी में वहां से 15 किलोमीटर दूर ले जाकर उतार दिया गया। मुझे वहां से वापिस आने में काफी कठिनाई हुई क्यों कि पुलिस न कोई व्यवस्था नहीं की। दूसरी और सरकार ने कहा है कि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया परन्तु वह जबरदस्ती पुलिस की गाडी में घुस गये। ऐसी परिस्थिति में मेरे लिये कोई निर्णय करना कठिन है।

मैं इस मामले को विशेषाधिकार समिति को सोंपता हूं।

---

## वीर सोनारवाला में हरिजन आन्दोलन

## HARIJAN AGITATION IN VIR SONARWALA

**श्री बूटा सिंह** (रोपड) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। 30 नवम्बर 1973 को श्री राम निवास मिर्धा ने वक्तव्य दिया जो दिल्ली में हरिजन संघर्ष समिति द्वारा किये जा रहे आन्दोलन के बारे में था। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय वक्तव्य के परिणाम के बारे में सभा में प्रकाश डाले।

**उपाध्यक्ष महोदय** इसमें : कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

**Shri Madhu Limaye** (Banka) : It has been said several times in the House that the Government should come forward with a statement regarding burning of Harijans. Will the hon. Minister not make a statement in this regard?

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : हरिजनों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा फिर भी यह सरकार हरिजनों का मित्र होने का दावा करती है ।

**गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा)** : श्री चन्द्रम द्वारा जारी किये गये वक्तव्य के अनुसार आन्दोलन समाप्त हो गया है । यह वक्तव्य हरियाणा के मुख्य मंत्री के परामर्श के बाद दिया गया है जिन्होंने अपने बयान में कहा है कि उनके द्वारा नियुक्त की जाने वाली तदर्थ समिति को उनकी मांगे भेज दी जायेगी।

जहां तक वीर सोनारवाला का सम्बन्ध है, हरियाणा के मुख्य मंत्री ने कहा है कि सभी 151 निष्कासित हरिजन परिवारों को वीर सोनारवाला गांव में भूमि पर तब तक खेती करन दिया जायगा जब तक उन्हें स्थाई आधार पर कृषि योग्य भूमि दना संभव न हो।

---

## काल-पात्र के साथ गाडे गये ऐतिहासिक दस्तावेजों के पाठ के बारे में चर्चा

## DISCUSSION RE TEXT OF THE HISTORICAL DOCUMENTS BURIED WITH THE TIME CAPSULE

**उपाध्यक्ष महोदय** अब हम विगत स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त 1973) को लाल किले क निकट भूमि में गाडे गय काल पात्र के साथ रखे गये ऐतिहासिक दस्तावेज के पाठ के बार में नियम 193 के अन्तर्गत चर्चा को लेंगे।

श्री सुधाकर पाण्डेय अब अपना भाषण जारी रखेंगे।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमण्ड हार्बर) : नियम 193 के आधीन एक चर्चा मेरे नाम से भी है । वह कब प्रारंभ होगी ?

**उपाध्यक्ष महोदय** : इस चर्चा की समाप्ति पर वह प्रारंभ होगा।

**श्री सेझियान** (कुम्बकोणम) : यह प्रश्न इस सदन के सदस्यों के विशेषाधिकार से सम्बन्ध रखता है । इस बारे में पत्रों और अतारांकित प्रश्नों के रूप में अनेक मांगे की गई है, परन्तु मन्त्री महोदय ने उसका पाठ अभी तक सदस्यों को नहीं बताया है । मन्त्री महोदय ने लोकहित के बजाय इसका तक यह दिया है कि चूंकि यह दस्तावेज भावी पीढियों के लिए सुरक्षित रखा गया है, अतः समकालिन जनता के लिए उसे प्रकाशित करना उचित नहीं है ।

मैं आपका और सदन के सदस्यों का ध्यान इस तथ्य की ओर दिलाना चाहता हूं कि अनेक व्यक्तियों को दस्तावेज की प्रतियां उपलब्ध की गई हैं। तामिलनाडु अभिलेखागार के आयुक्त श्री सी० बद्रीनाथ ने कहा है कि उन्होंन कालपात्र के साथ भूमि में दबाये गये दस्तावज का सावधानी से अध्ययन किया है और उसमें स्पष्ट त्रुटियों और तथ्य सम्बन्धी असंगतियों को पाया है ।

मद्रास के एक क्रिश्चियन कालेज के अनेक व्यक्तियों को इसकी प्रतियां उपलब्ध की गई ह। श्री सी० बद्रीनाथ को एक प्रोफेसर ने जिस पत्र के साथ इस दस्तावेज को भेजा है। उस पत्र की फोटोस्टेट प्रति मेरे पास है उन दस्तावेज की प्रति भी मेरे पास है और यहां सदस्यों को उसकी जानकारी नहीं दी जाती है ।

17 सितम्बर, 1973 को 'हिन्दु' में प्रकाशित अपने पत्र में उस प्रोफेसर ने कहा है कि कालपात्र पछले 25 वर्षों के राष्ट्रीय विकास की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का (लगभग 10 हजार शब्दों में)

[श्री सेझियान]

संक्षिप्त ब्यौरा था। अगर यह गुप्त था तो वह प्रोफेसर उस कागज को किस प्रकार देख सकता है। संसद सदस्यों को इस सुविधा से वंचित क्यों किया जा रहा है ? इसे गोपनीय क्यों रखा जा रहा है ? मैं सभा पटल पर पत्र और उस दस्तावेज की प्राधिकृत प्रतिलिपि सभा पटल पर रखता हूं।*

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप इन्हें मुझे दे दें। मै इनकी जांच करने के बाद अनुमति देने पर विचार करूंगा। मन्त्री महोदय उत्तर देते समय इन सभी प्रश्नों पर विचार करेंगे।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** (ग्वालीयर) : इस पर उपयोगी चर्चा करने के लिए यह आवश्यक है कि हमें उस दस्तावेज की जानकारी हो। इस दस्तावेज को सभा पटल पर रखा जाना चाहिए।

**श्री समर गुह** (कन्टाई) : श्री सेझियान को अध्यक्ष महोदय ने उक्त दस्तावेज को सभा पटल पर रखने की अनुमति दे दी है और हमें भी उस आधार पर उसकी प्रति प्राप्त हो गई है।

इसे गोपनीय रखकर समकालिन इतिहास के प्रति एक षडयंत्र रचा जा रहा है। अगर सरकार कालपात्र के दस्तावेज को प्रकाशित नहीं करती, तो वे लोग जो समकालिन इतिहास के भाग है, इस दस्तावेज को उखाड फेंकेंगे और 2500 साल बाद के लिए सुरक्षित नहीं रहने देंगे (**व्यवधान**)।

**श्री च० एन० मुखर्जी** (कलकत्ता उत्तर पूर्व) : हम इस बारे में पहले ही आंशिक रूप से चर्चा कर चुके है। सभा पटल पर रखे गये दस्तावेज को सही मानकर बिना किसी शोर शराबे के हम चर्चा जारी रख सकते हैं।

**Shri Madhu Limaye** (Banka) : The honourable Minister should clearly indicate whether the document laid on the Table of the House is correct or not ? If not, he should lay on the Table a correct copy. If he does not reply to this point, it is the insult the House.

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** (बेगुसराय) : पहले दो अवसरों पर भी काल पात्र भूमि में दबाये गये है, परन्तु उनका ब्यौरा सभी को उपलब्ध रहा। अब पहली बार इसे क्यों गोपनीय रखा जा रहा है ? प्रो० नूरूल हसन ने मूल दस्तावेज में अपने हाथ से कुछ संशोधन किये हैं, जिसकी जिम्मेदारी उनकी ही है।

**श्री वसन्त साठे** (अकोला) : पहला प्रश्न तो उस दस्तावेज की प्रामाणिकता के बारे में है, जिसे सभा पटल पर रखा गया है। मुख्य प्रश्न तो यह है कि जिस दस्तावेज को हजारों साल बाद की जनता के लिए सुरक्षित रखा गया है, क्या उसे सभा पटल पर रखकर समकालीन जनता को उसकी जानकारी देकर उसका महत्व समाप्त नहीं हो जायेगा। इस लिए मैं नहीं चाहता कि सरकार इसे सभा पटल पर रखे।

**श्री एस० ए० शमीम** (श्रीनगर) : यह दस्तावेज 5,000 साल बाद की जनता के लिए सुरक्षित रखा गया है, इस लिए यह अत्यावश्यक है कि उन्हें सही इतिहास की जानकारी हो। दूसर अगर ढाई घण्टे की बहस के बाद मन्त्री महोदय अपनी चुकी को तोडकर यह

*अध्यक्ष महोदय द्वारा तदनन्तर आवश्यक अनुमति प्रदान न किये जाने के कारण कागजात/दस्तावेज को सभा पटल पर रखा गया नहीं माना गया।

The Speaker not having subsequently accorded the necessary permission the paper/ document was not treated as paper Laid on the table.

कहे कि जो दस्तावेज सभा पटल पर रखा गया है, वह सही नहीं है, फिर इस बहस का महत्व रहेगा? इस लिए मन्त्री महोदय कहे कि दस्तावेज सही है अथवा नहीं।

**श्री पी० जी० मावलंकर** (अहमदाबाद) : श्री सेझियान ने 7 दिसम्बर को इस पर चर्चा शुरू की थी। उसके बाद उन्होंने प्राधिकृत दस्तावज को सभा पटल पर रखा और वह हम उपलब्ध है। अब मन्त्री महोदय इसका खण्डन करे कि यह सही नहीं है अथवा प्राधिकृत मूल प्रति को सभा पटल पर रखें।

**शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नूरूल हसन)** : श्री सेझियान ने सभा पटल पर जो दस्तावेज रखा है, वह काल पात्र के साथ नहीं रखा गया है और वह उससे भिन्न है। दूसरे, श्री श्यामनन्दन मिश्र ने यह कहा कि मैंने किसी ड्राफ्ट अथवा दस्तावेज में संशोधन किये। यह कथन भी पूर्णतः गलत है। **(व्यवधान)**

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** (बेगुसराय) : अब वह मूल दस्तावेज को सभा पटल पर रखे। अब यह और भी गम्भीर बात हो गई है।

**उपाध्यक्ष महोदय** : कुछ वक्तव्य और उनका खण्डन करने वाले वक्तव्य दिये गये है। इस लिए इस मामले पर चर्चा करने के अलावा अन्य कोई उपाय नहीं है। **(व्यवधान)**

**Shri Atal Bihari Vajpayee :** Sir, I rise on a point of order. The honourable Minister has said that the document buried with the Time Capsule is different from what has been placed on the table of the House by Shri Sezhiyan. I would like to have your ruling about this matter. The Minister is not taking the plea that it is not in the public interest to disclose the contents of the documents, but only because they are meant for the posterity. It is the question of our rights. (*Intrruptions*).

**श्री मुरासोली मारन** (मद्रास दक्षिण) : एक अभूतपर्व स्थिति उत्पन्न हो गई है। श्री सेझियान कहते है कि उनका दस्तावेज प्रामाणिक है और मन्त्री महोदय इसका खण्डन करते है। इन दोनों में से एक न एक सदन को गुमराह कर रहा है। इस लिए यह मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपा जाना चाहिए।

**श्री सेझियान** : मैं विशेषाधिकार समिति अथवा संसद द्वारा नियुक्त किसी भी समिति के समक्ष पेश होने के लिए तैयार हूं।

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** : मन्त्री महोदय के विरुद्ध विशेषाधिकार भंग का स्पष्ट मामला बनता है। 7 दिसम्बर को जब यह दस्तावेज मन्त्री महोदय की उपस्थिति मे सभा पटल पर रखा गया, तब मन्त्री महोदय ने इसका विरोध नहीं किया। यह बाद में सोची हुइ बात है। मैं मंत्री महोदय के विरुद्ध विशेषाधिकार का प्रश्न मौखिक रुप से उठाने की अनुमति चाहता हूं।

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : सदन के समक्ष यह प्रश्न है कि श्री सेझियान द्वारा प्रमाणीकृत जो दस्तावेज सभा पटल पर रखा गया है, वह सही है अथवा नहीं। ऐसे दो पूर्वा उदाहरण है। न्यू एशियाटिक एण्ड जूपिटर एन्श्योरेन्स की लेखा परीक्षा रिपोर्ट को अध्यक्ष महोदय ने सभा पटल पर रखने की हमें अनुमति दे दी थी। दूसरा मामला वह था जब श्री कामथ को श्री बीजू पटनायक के विरुद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरों की रिपोर्ट पेश की थी। और उसे श्री कामथ द्वारा प्रमाणीकृत कर दिया गया था ...

**उपाध्यक्ष महोदय** : यह संगत कहां है?

**श्री एस० एम० बनर्जी** (कानपुर) : मैं आपको बाताता हूं कि यह पूर्व उदाहरण है—माननीय मंत्री द्वारा इसकी पुष्टि किये जाने के पश्चात कि क्या यह सही है अथवा नहीं। यहां मंत्री महोदय ने दस्तावेज के सही होने की बात से इंकार किया है । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या हमे 5000 वर्ष के पश्चात इस पर चर्चा करनी चाहिये—मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है— किन्तु यहां हम किस मामले पर चर्चा कर रहे है ? . . . . **(व्यवधान)**

**उपाध्यक्ष महोदय** : प्रो० मुकर्जी ।

**श्री एच० एन० मुकर्जी** (कलकत्ता उत्तर-पूर्व) : मुझे यह बात बहुत ही सरल दिखायी देती है यद्यपि यह दुखद् बात है । श्री सेझियान द्वारा रखे गये दस्तावेज की प्रमाणिकता का खंडन किया है । किन्तु यह बात बडी ही दुखद् है कि मंत्री महोदय ने इस दस्तावेज की प्रमाणिकता का खंडन तो कर रहे है, किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि वह मूल दस्तावेज को सभा पटल पर रखने के लिये तैयार नही है। मैं अपने माननीय मित्र तथा माननीय मंत्री महोदय दोनों का विश्वास करता हूं।

आप जांच कराके इस बात का पता लगा सकते है। मुझे इस बात में विश्वास नहीं है कि विशषाधिकार समिति इस मामले पर विचार करे, क्यों कि उन्होंने किसी विशेषाधिकार का उल्लंघन नही किया है । किन्तु अध्यक्ष महोदय को इस बात की सचाई का किसी प्रकार से पता लगाना चाहिये । क्योंकि माननीय मंत्री महोदय ने इसकी प्रमाणिकता का खंडन किया है और माननीय सदस्य अपनी बात पर अडे हुये है । यदि ऐसी बात है, तो चर्चा करने से कोई लाभ नहीं होगा ...... **(व्यवधान)** ।

**श्री सेझियान** (कुम्बकोणम) : जब तक मंत्री महोदय मूल दस्तावेज को पेश करके इसकी प्रमाणिकता का खण्डन नहीं कर लेते, मैं सभा से इस पर चर्चा करने के लिये कहूंगा। **(व्यवधान)** 7 दिसम्बर को मैंने सभा पटल पर एक दस्तावेज रखा था ...

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैंने यह बात समझ ली है ।

**श्री सेझियान** : जब तक मंत्री महोदय दस्तावेज को पेश करने में समर्थ नहीं हो जाते, तब तक मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के विषय पर हमें चर्चा करनी चाहिये । हमें अपने दस्तावज को सही मान कर अपनी चर्चा जारी रखनी चाहिये ।

**श्री डी० एन० तिवारी** (गोपालगंज) : इस परिस्थिति में मैं यह प्रस्ताव करता हूं कि सभा को अनिश्चित काल तक के लिये स्थगित कर दी जाये और इस पर चर्चा आगामी सत्र में की जाये।

**उपाध्यक्ष महोदय** : कृपया शान्त रहिये । मुझे स्थिति को स्पष्ट करने दीजिये ।

**श्री डी० एन० तिवारी** : क्या मैं एक बात कह सकता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं आप की बात बाद म सुनुंगा। मुझे स्थिति को स्पष्ट करने दीजिये पहला प्रश्न यह है कि क्या हम इस चर्चा को जारी रख सकते है । मेरे विचार में यह बहुत ही स्पष्ट बात है कि हमने आंशिक रूप से इस पर चर्चा की है अब तो इसे जारी रखने की बात है । दूसरी बात यह कही गयी है कि किस दस्तावेज के आधार पर हम इस चर्चा को जारी रख सकत है ?

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री सेझियान ने स्वयं अपने द्वारा प्रमाणीकृत एक दस्तावेज को सभा पटल पर रखा है और मंत्री महोदय ने यह कहा है कि यह दस्तावेज सही और सच्चा नहीं है ...

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डायमंड हार्बर) : इस बात का निर्णय हमें स्वयं करना है ।

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** (बेगुसराय) : इसका निर्णय हमने करना है, उन्होंने नहीं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं तो आपको यह बता रहा हूं कि उन्होंने क्या कहा है । ये सभी दस्तावेज सभी की कार्यवाही वृतान्त में है । अब एक दस्तावेज पेश किया गया है मैं यह नहीं जानता कि दूसरे दस्तावेज के न होने से ...

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (ग्वालीयर) : आप उन्हें इसे प्रस्तुत करने के लिये क्यों नहीं कह सकते **(व्यवधान)** :

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं उन्हे विवश नहीं कर सकता **(व्यवधान)**। कृपया शांत रहिये और मुझे अपनी बात समाप्त करने दीजिये। एक दस्तावेज रखा है और दूसरे दस्तावेज़ के न होने से स्पष्ट रूप से सदस्य अपने निष्कर्ष निकाल सकते है।

**श्री एस० ए० शमीम** (श्रीनगर) : यह साक्ष्य का कानून भी है ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह दस्तावेज़ वास्तविक है अथवा नहीं। अब श्री वाजपेयी द्वारा उठाये गये अन्य प्रश्न के संबंध में ...

**श्री के० पी० उन्नीकृष्णन** (बडागरा) : यह एक मिथ्या आरोप है ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री वाजपेयी द्वारा उठाये गये अन्य प्रश्न के संबंध में . . . **(व्यवधान)** चाहे यह, मिथ्या ही हो । अब यह सभी को कार्यवाही वृतात शामिल हो चुका है। **(व्यवधान)** श्री सेझियान द्वारा इस दस्तावेज को सही दस्तावेज होने का दावा किया गया है, किन्तु अन्य सदस्य के अनुसार यह दस्तावेज मिथ्या है ।

**श्री के० पी० उन्नीकृष्णन** : आपका कहना निराधार है ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री वाजपेयी द्वारा कही गयी बात के संबंध में क्या मंत्री महोदय सभा पटल पर किसी दस्तावेज़ को रखने से इंकार कर सकते है और किस तर्क के आधार पर वह ऐसा कर सकते है, मुझे नियमों को देखना होगा। हम संबंध इसमें नियम बिलकुल स्पष्ट है । यद्यपि मंत्री महोदय ने किसी दस्तावेज का उल्लेख किया हो, तो भी वह यह कह कर बच सकते है कि ऐसा करना लोक हित में नही है ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : उन्होंने ऐसा नहीं कहा है ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : उन्होंन ऐसा नहीं कहा है, क्योंकि उन्होने इसका उल्लेख कभी नहीं किया। नियमों के अनुसार मंत्री के लिये तब भी संगत दस्तावेज सभा पटल पर रखना आवश्यक नहीं है जब कि उन्होने शब्दों मे ऐसे अथवा सरकारी दस्तावेज अपने शब्दों में सारांश दिया हो। उन्होने ऐसा भी नहीं किया है । इस लिये यह मामले में यह बात लाग नही होती।

[उपाध्यक्ष महोदय]

नियम 370 के अनुसार भी ऐसा करना आवश्यक नहीं है, क्यों कि उन्होने कभी भी कोई विचार व्यक्त नहीं किया है ।

**श्री सेझियान :** मंत्री महोदय ने 19-11-73 के अतारांकित प्रश्न 1179 के उत्तर में यह बताया है कि इस दस्तावेज को तैयार करने के लिये भारतीय अनुसंधान परिषद जिम्मेदार थी और इसे भावी पीढी के लिए इसलिए उनके अनुसार इसे सभा पटल पर रखने का प्रश्न ही नहीं उठता है ।

नियम 370 के अनुसार यदि मंत्री महोदय किसी प्रश्न के उत्तर में अथवा चर्चा के दौरान किसी सरकारी अधिकारी किसी व्यक्ति अथवा किसी प्राधिकरण द्वारा दिय मय परामर्श अथवा मत को व्यक्त करता है, तो उन्हें सामान्य रूप से उस संगत दस्तावेज अथवा उसके सारांश को सभा पटल पर रखेगा जिसमें वह मत, परामर्श शामिल होंग।

**उपाध्यक्ष महोदय :** मुझे स्पष्ट करने दीजिये । अनेक नियमों का उल्लेख किया गया है और मै भ्रम में पड गया हूं (**व्यवधान**) मैं आप को बोलने के लिये कहूंगा। किन्तु मुझे अपनी बात कह लेने दीजिये । मेरे विचार में नियम 370 यहां लागू नहीं होता है, क्योंकि उन्होंनें कोई परामर्श अथवा मत व्यक्त नहीं किया है । नियमों में ऐसी कोई बात नही है जिससे पीठासीन अधिकारी द्वारा मंत्री महोदय को वक्तव्य सभा पटल पर रखने के लिये विवश किया जा सके। यदि मंत्रि महोदय अपनी इच्छा से किसी दस्तावेज को सभा पटल पर रखने के लिये पीठासीन अधिकारी से अनुमति मांगता है, तो अध्यक्ष महोदय हमें रखने की अनुमति दे देते है;

**श्री शामनन्दन मिश्र :** मैंने अपना लिखित प्रस्ताव भेजा है ।

**उपाध्यक्ष महोदय :** विशेषाधिकार प्रस्ताव को पेश करने का यह उचित ढंग नहीं है (**व्यवधान**)

श्री शमीम क्या कृपा करके आप हमें स्पष्ट करेंगे ?

अन्यथा कृपया शान्त रहिये । नियमों के अनुसार विशेषाधिकार की सूचना इस प्रकार नहीं दी जा सकती और इस प्रकार निर्णय नहीं किया जा सकता। इसके लिये उचित सूचना दी जानी चाहिये और मुझे इस मामले पर विचार करने का समय मिलना चाहिये । मैं इस को तर्क स्वीकार नहीं कर सकता।

**Shri Shankar Dayal Singh** (Chatra) : Mr. Deputy Speaker, Sir, I want to know your ruling about the closure moved by under rule 362 by Hon'ble Shri D. N. Tiwari....

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैंने उसे स्वीकार नहीं किया है ।

**Shri Shankar Dayal Singh:** The House should be consulted whether the proceeding of the House should continue or it should adjourn under rule No. 362. Second ruling is in respect of rule 301. According to it when Mr. Speaker has been standing the members should not stand up.

**उपाध्यक्ष महोदय :** इससे मै सहमत हूं।

**Shri Shankar Dayal Singh :** We sit quietly, but they violate the rules. When you are standing if they stand and speak, their observation should not go on record.

मै नियम 361 और 362 के संबंध में आप का निर्णय चाहता हूं

**उपाध्यक्ष महोदय :** चूंकि उन्होंने नियम 362 की बात उठायी है ...

**श्री मधु लिमये** (बांका) : यह लागू नहीं होता।

**श्री समर गुह** (कन्टाई) : यह वाद विवाद नहीं है।

**उपाध्यक्ष महोदय** : जो कुछ भी यह है, उन्होंने नियम 362 की बात उठायी है। नियम 362 मे कहा गया है :—

"प्रस्ताव के पेश करने के पश्चात किसी समय कोई सदस्य . . ."

**श्री मधु लिमये** : प्रस्ताव कहां है ?

**उपाध्यक्ष महोदय** : इस पर चर्चा करने का प्रस्ताव पेश किया गया है।

**श्री मधु लिमये** : यह केवल चर्चा करने के लिये है।

**उपाध्यक्ष महोदय** : जब हम इस प्रश्न पर विचार कर रहे है और अभी तक हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुचे हैं और यदि कहा जाये कि 'सभी कुछ रोक दो' तों मैं उसे स्वीकार नहीं कर सकता।

**श्री डी० एल० तिवारी** : मैंने केवल यह कहा है कि इसे आगामी सत्र पर विचार किया जा सकता है। मन तो यह कहा है 'that this motion should not be discussed today and it should be taken during the next session.

**उपाध्यक्ष महोदय** : वह नियम 362 का उल्लेख कर रहे थे। यही कारण है कि मैंने उन्हे उत्तर दिया है।

**श्री समर गुह** : आप के कथन के आधार पर मैं कुछ निवेदन करना चाहता हूं। आप ने कहा है कि माननीय मंत्री महोदय श्री सेझियान द्वारा पेश किये गये दस्तावेज की प्रामाणिकता से इंकार किया है और कोई अन्य प्रमाणित वक्तव्य न होने के कारण से श्री सेझियान द्वारा प्रस्तुत वक्तव्य को अवश्य ही माना जाना चाहिये।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैंने यह नहीं कहा है। यह मेरा मत नहीं है। मैंने तो यह कहा था कि लोग अनुमान लगा सकते है।

**श्री समर गुह** : अब आप के शब्द "अनुमान" और "वास्तविकता" अन्तर्ग्रस्त है। कोई भी वास्तविकता अनुमानित नहीं हो सकती।

यह एक गम्भीर बात है। यदि यह वास्तविक दस्तावेज है, तो सभा को इसे स्वीकार करना ही होगा। किन्तु अब हम देखते है कि माननीय मंत्री महोदय ने इसे चुनौती दी है और कहा है कि यह एक वास्तविक दस्तावेज नहीं है। इस तथ्य को देखते हुये श्री एच० एन० मुकर्जी ने एक बहुत ही उचित सुझाव दिया है कि चुंकि मंत्री महोदय ने इस दस्तावेज को चुनौती दी है, तो अध्यक्ष महोदय अधिकार एवं दायित्व तथा जिम्मेदारी हो जाती है कि वह तथ्यों का पता लगाये और यदि आवश्यक हो, तो वह एक समिति को नियुक्त कर जो यह पता लगाये कि क्या यह दस्तावेज वास्तविक है अथवा क्या माननीय मंत्री महोदय द्वारा किया गया खंडन ही वास्तविक है। उस के आधार पर मेरे माननीय मित्र श्री सझियान अथवा माननीय मंत्री महोदय के विरुद्ध विशषाधिकार का प्रश्न ही नहीं है।

श्री समर गुह]

एक बात और है कि उसका संबंध मेरे मित्र श्री सेझियान द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज से है अथवा उस दस्तावेज से, जो मंत्री महोदय के द्वारा गुप्त रूप कालापत्र में दफनाया गया है। भारतीय स्वतंत्रता का 25 वर्ष का इतिहास इस सभा से संबंधित है। यह 25 वर्ष का इतिहास बाहर नहीं बना है (व्यवधान) 25 वर्षो से यह सभा इतिहास बना रही है और हम इस में हिस्सा ले रहे है (व्यवधान)।

**उपाध्यक्ष महोदय :** यह बात क्या है ?

**श्री समर गुह :** यह बिल्कुल सुसंगत बात है। यह सभा उस इतिहास का ही भाग और इसकी कार्यवाही वृतान्त इस इतिहास का ही भाग है। यह संसद उस इतिहास का ही भाग है ( व्यवधान)। अतः इस संबंध मे मंत्री महोदय ने इस सभा का अवमान किया है। इसलिये मैं मंत्री महोदय के विरुद्ध श्री मिश्र के विशेषाधिकार प्रस्ताव का समर्थन करता हूं (व्यवधान)।

**श्री एच० एन० मुकर्जी :** आज चर्चा नहीं की जा सकती। इसे किसी अन्य दिन के स्थगित करना पडेगा। अध्यक्ष महोदय अथवा किसी अन्य तंत्र के द्वारा पहले तथ्यों का पता लगाना होगा और तब हम पुनः आगामी सत्र मै इस पर विचार करना होगा।

**Shri Madhu Limaye** (Banka) : I want your ru'ing regarding the reply on the question read by Shri Sezhiyan.

If the document authenticated by Shri Sezhiyan is a forgery, it is a grave matter and indues the prestige and privileges of this House. I would like to suggest that a copy of the documet in question may be handed over to the hon'ble Speaker. He may call both the hon'ble Members and go into the facts and the conclusion drawn by the Hon'ble Speaker may be placed before the House. Thereafter if it is proved that our information is based on facts then Shri S. N. Mishra may be allowed to move Privileges Motion.

**उपाध्यक्ष महोदय :** इस बात को उत्तर सरकार को देना है कि किस के प्राधिकारसे यह दस्तावेज तैयार किया गया और दबाया गया।

**श्री समर गुह** (कंटाई) : मै पूछना चाहता हुं कि क्या 25 वर्ष के इस इतिहास में संसद के कार्य को सम्मिलित किया गया है या नहीं। यदि हां तो क्या इस सम्बन्ध मे संसद की मंजूरी ली गई है ?

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** ( बेगुसराय) : जब इस दस्तावेज को सभा पटल पर रखा गया था तब मंत्री महोदय ने उसका खंडन नही किया तो क्या अब वह ऐसी कर सकते है ?

**संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) :** मैं इस पर चर्चा के विरुद्ध नही हूं, मैं पूछना चाहता हूं कि यह बैठक कब तक चलेगी ?

**उपाध्यक्ष महोदय :** आज सत्र का अन्तिम दिन है अतः यह कहना कठिन है कि कितने समय तक बैठक चलेगी। बहुत महत्वपूर्ण मामले सभा के विचाराधीन है और सभा ही निर्णय कर सकती है कि बैठक कितने समय तक चलेगी।

श्री समर गुह ने एक सामान्य प्रश्न पूछा है कि क्या संसद को गत 25 वर्ष के इतिहास का अंग बनाया गया है या नहीं। इतने बडे तथ्य की अवहेलना कौन कर सकता है?

श्री मधु लिमये द्वारा उठाये गये प्रश्नों का उत्तर सरकार ही दे सकती है। इसमें हमें क्या कह सकते है ?

श्री सेझियान द्वारा प्रमाणित एक दस्तावेज सभा पटल पर रखा गया है और परिचालित भी किया गया है। मंत्री महोदय ने इसका खण्डन किया है। अब प्रश्न यह है कि यदि यह दस्तावेज झूठा है तो श्री सेजियान ने सभा को गुमराह किया है। परन्तु इस बात को कैसे सिद्ध किया जाये कि यह दस्तावेज झूठा है (व्यवधान)।

**श्री एस० ए० शमीम** (श्रीनगर) : दंड प्रक्रिया संहिता और सिविल प्रक्रिया संहिता के अनुसार इस दस्तावेज को गलत सिद्ध करने की जिम्मेदारी मंत्री महोदय की है।

**Shri Shankar Dayal Singh** (Chatra) : Shri Sezhian has raised this issue in the House. According to him the facts published in the historic documents are false. We do not agree with this. The hon'ble Minister has termed the charges as baseless. I want to know the basis of information furnished by Shri Sezhian. The facts contained in the aforesaid document should have been made public after a period of five thousand years. Who are they to challenge these facts. I move that this discussion on this issue may be adjourned under rule 340.

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री शंकर दयाल सिंह ने नियम 340 का उल्लेख किया है। आप इस सम्बन्ध में नियम 341 भी पढ़े। यह उससे सम्बन्धित है।

**श्री शंकर दयाल सिंह** : आपका कहना ठीक है।

**श्री सेझियान** (कुम्बकोणम) : काल पत्र से सम्बन्धित मेरा प्रश्न राजनैतिक नहीं है। उससे देश के गत 25 वर्ष के इतिहास का बोध होता है। अत: कालपात्र में सच्चा इतिहास होना चाहिये। मंत्री महोदय ने मेरे द्वारा प्रस्तुत अधिकृत दस्तावेजों का खंडन किया। कुछ मामलों में जब किसी दस्तावेज को सरकारी अधिकारियों द्वारा बहुत गोपनीय समझा जाता है, तो ऐसे मामलों में समिति के अध्यक्ष निर्णय लेते है। इस मामले में यदि मंत्री महोदय दस्तावेज को सभा पटल पर रखना उचित नहीं समझते तो वे उक्त दस्तावेज को अध्यक्ष महोदय को दिखा सकते है।

अध्यक्ष महोदय के पास मेरे द्वारा दिया गया दस्तावेज है। वह उससे इसे मिला सकते है। अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया निर्णय मुझे स्वीकार होगा। यदि कोई माननीय सदस्य मुझ पर जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने का आरोप लगाते है, तो ऐसा सिद्ध होने पर मैं सभा जो उचित सजा दे उसे भुगतने के लिये तैयार हूं (अन्तर्बाधाएं)।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं यह जानना चाहूंगा कि सभा इस मामले में क्या कार्यवाही करना चाहती है।

**शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नुरूल हसन)** : श्री सेझियान द्वारा दिया गया दस्तावेज काल पत्र में रखे गये दस्तावेज से भिन्न है **(अन्तर्बाधाएं)**। मैं इस सूझाव को स्वीकार करता हूं कि इस मामले में अध्यक्ष महोदय निर्णय लें **(अन्तर्बाधाएं)**

**उपाध्यक्ष महोदय** : अब हमे इस मामले को यहीं छोडकर अन्य विषय पर चर्चा आरम्भ करनी चाहिये।

**श्री श्याम नन्दन मिश्र** (बेगुसराय) : काल पत्र में रखे गये दस्तावेज की सत्यता के बारे में यदि कोई हल निकाला जाता है तो हमे प्रसन्नता होगी। सदन को इस मामले में सत्यता जानने का अधिकार है । इस मामले में सभापति महोदय बहुत सहायक हो सकते है । मैं सदन को इस बात से अवगत कराना चाहता हूं कि हम इस असम्माननीय दस्तावेज को कल निकालने जा रहे हैं । यह इतिहास के प्रति अपराध है । हम इस बारे में तथ्य जनता को बताना चाहते है । हम यह बताना चाहते है कि जिन लोगों ने ऐसा किया है वे बेईमान हैं। यह गलती नहीं है बल्कि ऐसा जानबूझकर किया गया है । **(अन्तर्बाधाएं)** कृपया बतायें कि सच्चाई का पता लगाने का क्या तरीका है ?

**उपाध्यक्ष महोदय** : हमें इस मामले को हल करने के लिये कोई तरीका निकालना चाहिये । अब हम अगले विषय पर चर्चा करेंगे।

**श्री ज्योतिर्मय बसु** (डाइमन्ड हार्बर) : इस विषय पर अगले सत्र में चर्चा की जानी चाहिये। मुझे इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : यदि सभा और अधिक समय बैठना नहीं चाहती और सब इस बात से सहमत है, तो हम सभा स्थगित कर सकते है । सभा अनिश्चित काल के लिये स्थगित होती है ।

**इसके पश्चात् लोक सभा अनिश्चित काल के लिये स्थगित हुई ।**

*The Lok Sabha then adjourned sine die.*



GIPN-S3--36 LSS(ND)/73—28-3-74—490

P.L.S. 48 XXXIV. 31. 73 (N)
490

©1973 प्रतिलिप्याधिकार लोक-सभा सचिवालय को प्राप्त ।

लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन संबंधी नियमों (पांचवां संस्करण)
के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और व्यवस्थापक,
भारत सरकार मुद्रणालय, नासिक-422006 द्वारा मुद्रित ।

© 1973 BY THE LOK SABHA SECRETARIAT

PUBLISHED UNDER RULES 379 AND 382 OF THE RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN LOK SABHA (FIFTH EDITION) AND PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, NASIK-422006.